संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
17 अक्टूबर 2024, गुरुवार
पृष्ठ-8 मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 24
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस

अलका तिवारी बन सकती हैं झारखंड की मुख्य सचिव

रांची । आईएएस अलका तिवारी को झारखंड का अगला मुख्य सचिव बनाया जा सकता है। केंद्र सरकार ने आईएएस अलका तिवारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उनके मूल कैडर झारखंड में वापस करने का आदेश जारी किया है। सूत्रों का कहना है कि उन्हें मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित किया जा सकता है। अलका तिवारी 1988 बैच की आईएएस हैं।

क्या महामहिम रघुवर दास की सक्रिय राजनीति में वापसी होगी?

अशोक कुमार

उडिशा एवं झारखंड की मीडिया में अब यह खबर पुरानी हो चुकी है कि उडिशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास सक्रिय राजनीति में लौटकर विधानसभा का चुनाव लडऩा चाहते हैं। सरयू राय के जदयू में शामिल होने तथा जमशेदपुर पूर्वी सीट को एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा के लिए छोड़कर जमशेदपुर पश्चिम से चुनाव लडऩे पर राजी हो जाने से इस संभावना को बल मिला है कि रघुवर दास भाजपा अलाकमान को राजी कर अपनी पुरानी सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार वे भाजपा अलाकमान के समक्ष इच्छा व्यक्त कर चुके हैं कि उन्हें सार्वजनिक जीवन से इतर राजभवन रास नहीं आ रहा है। अत- उन्हें सक्रिय राजनीति में लौटने की अनुमति दी जाय। पिछले महीने जब महामहिम रघुवर दास दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए राज्यपाल पद से इस्तीफा देने की पेशकश की थी तो श्री शाह ने उन्हें राज्यपाल बने रहने की सलाह दी थी लेकिन असम के राज्यपाल हिमंत विश्व शरमा के राजभवन में रघुवर दास से मुलाकात के बाद परिस्थितियां बदली हैं। श्री शरमा ने केन्द्रीय नेतृत्व को यह सलाह दी है कि रघुवर दास का उपयोग वर्तमान झारखंड विधानसभा के चुनाव में वैश्य व ओबीसी वोट बैंक को भाजपा के पक्ष में करने के लिए किया जाना लाभकारी होगा। भाजपा नेतृत्व किसी भी तरह झारखंड में एनडीए की सरकार बनाना चाह रही है। इसमें महामहिम रघुवर दास का उपयोग उसे लाभकारी लग रहा है। अत- इसकी संभावना नजर आ रही है कि महामहिम को राजभवन की चहारदिवारी से निकाल कर भाजपा उन्हें सक्रिय राजनीति में लौटाकर विधानसभा चुनाव में उनका इस्तेमाल कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ऐसा चाहते हैं। लेकिन एक दूसरा पक्ष यह भी है कि महामहिम के सक्रिय राजनीति में लौटने से राज्य में भाजपा के बड़े नेताओं खासकर आदिवासी नेताओं के बीच गुटबाजी बढ़ेगी। झारखंड भाजपा के आदिवासी नेता यह कभी नहीं चाहेंगे कि रघुवर दास की झारखंड की राजनीति में अभी वापसी हो। यदि रघुवर दास की सक्रिय राजनीति में वापसी का रास्ता खुलता है तो यह तय है कि वे अपने पुरानी सीट जमशेदपुर पूर्वी सें चुनाव लडऩा चाहेंगे। इस बार चुनाव लड़ेंगे तो उनकी जीत लगभग सुनिश्चित होगी। और यदि वे चुनाव जीत जाते हैं तो राज्य में एनडीए को बहुमत आने पर वे मुख्यमंत्री पद के दावेदार भी हो सकते हैं। यह खतरा भाजपा के आदिवासी नेताओं को खासकर बाबूलाल मरांडी को अभी से दिख रहा है। पिछले महीने जब मैं उडिशा राजभवन गया और महामहिम से मुलाकात के दौरान उनसे यह सवाल किया कि राजभवन के अंदर से लेकर झारखंड और उडिशा की मीडिया में यह चर्चा है कि आप चुनाव लडऩा चाह रहे हैं तो महामहिम ने मेरे इस सवाल पर चुप्पी साधते हुए न तो इसका खंडन किया और न ही इसकी पुष्टि की लेकिन उनके चेहरे का हावभाव यह साफ संकेत दे रहा था कि वे राजभवन की चहारदीवारी के अंदर बहुत खुश नहीं हैं। उनका बार बार जमशेदपुर आना और आम लोगों से मिलना यह संकेत दे रहा है कि वे पुन- सार्वजनिक जीवन में यानि राजनीति में लौटना चाह रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि पार्टी हाईकमान चाहेगी तभी तो ऐसा संभव हो पाएगा। पार्टी नेतृत्व की सहमति के बिना वे कोई कदम उठाना नहीं चाहते हैं। देर सबेर ही सही महामहिम का सक्रिय राजनीति में लौटना लगभग तय माना जा रहा है। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह को मनाने में बहुत ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। कहावत है राजनीति में कभी भी कुछ भी संभव है।

उम्मीदवार निर्वाचन के दौरान 40 लाख रुपए तक ही खर्च कर सकेंगे : के रवि कुमार

● सीईओ ने की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक

संवाददाता

रांची । राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों एवं निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग के जरिये कुछ आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसका अनुपालन कर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित होगा। निर्वाचन प्रक्रिया में

सभी के लिए समान अवसर प्राप्त हो, इस उद्देश्य से प्रत्येक प्रत्याशियों के जरिये निर्वाचन के दौरान 40 लाख रुपए की खर्च सीमा तय की गई है। प्रत्याशियों के खर्च में पारदर्शिता लाने के लिए खर्च के ब्योरा की पंजी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करानी होती है। इस पंजी का जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा उनके कार्यालय की वेबसाईट पर सार्वजनिक की जाती है। कुमार बुधवार को विधानसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि निर्वाचन आयोग के जरिये सुविधा एप्प बनाया गया है, जिसके इस्तेमाल से प्रत्याशियों के जरिये नामांकन प्रक्रिया में उपयोग होने वाले सभी आवेदनों को भरा जा सकता है। साथ ही नामांकन के दिन के लिए आरओ ऑफिस में अपॉइंटमेंट भी ली जा सकती है। इसके साथ इस माध्यम से अपना ब्योरा भरने एवं एफिडेविट बनाने में भी सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सी-वीजिल एप्प के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामलों पर त्वरित शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि निर्वाचन संबंधित सभी निर्देशों को समझते हुए इससे अपने कार्यकर्ताओं को भी अवगत कराएं, जिससे निर्वाचन संबंधी व्यय की गणना में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों के जरिये प्रचार-प्रसार, निर्वाचन प्रक्रिया, स्टार कैंपेनर, राजनीतिक दल आदि के लिए राज्य द्वारा कुछ नियम बनाए गए हैं, साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भी ÷क्या करे, क्या नहीं करें÷ की निर्देशिका जारी की गई है। निर्वाचन के दौरान इनका अनुपालन एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन कर किसी प्रकार के संशय से बचा जा सकता है।

इस अवसर पर सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील के जरिये निर्वाचन में उपयोग आने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन जैसे सी-विजिल, सुविधा एप्प, केवाईसी आदि प्रत्याशियों के उपयोग में आने वाले विभिन्न एप्लिकेशनों के इस्तेमाल के विषय में बिंदुवार जानकारी दी गई।

मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे

70 हजार रुपए घूस लेते देवघर सिविल सर्जन गिरफ्तार

प्रोविजनल प्रमाण-पत्र रेन्युअल के नाम पर डेढ़ लाख रूपये कि मांग की थी

संवाददाता

देवघर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ऐसीबी दुमका की टीम ने देवघर के सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा को बुधवार को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। बतौर रिश्वत 70 हजार रुपए नगद लेते हुए सिविल सर्जन रंगे हाथ पकड़े गए। जानकारी के अनुसार एक नर्सिंग होम के प्रोविजनल प्रमाण-पत्र रेन्युअल के नाम पर सिविल सर्जन ने रिश्वत मांगी थी। बताते चले की देवघर सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा ने कॉलेज रोड मधुपुर स्थित बंगाल नर्सिंग होम नामक हॉस्पिटल चलाने वाले पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिला के आसनसोल थाना क्षेत्र निवासी ओके रोड रेलपार निवासी मो महफूज आलम से प्रोविजनल प्रमाण-पत्र रेन्युअल के नाम पर पहले डेढ़ लाख रूपये कि मांग की थी। काफी आरजू विनती के बाद तीन चार किस्त में रुपया देने की बात बनी। उपरांत

महफूज आलम ने एसीबी से संपर्क साधा। 16 अक्टूबर को सिविल सर्जन ने उसे पहली किश्त घूस लेकर अपने कालिबाड़ी बेलबागान स्थित अपने आवास के नवजीवन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर पर बुलाया था। इसकी लिखित शिकायत महफूज ने एसीबी को दी थी। वह एसीबी टीम के अनुसार घूस देने पहुंचा। जैसे ही उसने घूस की रकम सिविल सर्जन को दी, उसी दौरान एसीबी की टीम ने सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा को दबोच लिया और अपने साथ दुमका लेकर चली गई। बताया जा रहा कि मो. महफूज आलम कॉलेज रोड मधुपुर में वर्ष 2020 से एक 10 बेड का हॉस्पिटल चलाने का कार्य करते हैं। उक्त अस्पताल का 9 जून 2024 तक प्रोविजनल प्रमाण पत्र था जिसका उन्हें रिन्यूअल करना था। इसी बीच वह बीमार पड़ गया। उसके गॉल ब्लाडर का ऑपरेशन हुआ था इस वजह से रेनुअल कराने के लिए देर से आवेदन दिया। काफी दिनों तक जब इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह सिविल सर्जन से मिलने गए। सिविल सर्जन ने एक लाख रूपये रेनुअल के नाम पर रिश्वत मांगी। महफूज के काफी विनती के बाद तीन चार किस्त में रूपये देने की बात बनी। उपरांत महफूज ने दुमका एसीबी में इसकी शिकायत 15 अक्टूबर को दिया। उसके बाद एसीबी दुमका की टीम ने सिविल सर्जन को घूस लेते गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया।

अब न्याय की देवी खुली आंखों से देख सकेगी, आखों की पट्टी हटी

सुप्रीम कोर्ट ने देश को दिया संदेश, अब कानून अंधा नहीं है

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय न्यायपालिका ने ब्रिटिश एरा को पीछे छोड़ते हुए नया रंग-रूप अपनाना शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का ना केवल प्रतीक बदला है बल्कि सालों से न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी भी हट गई है। जाहिर है कि सुप्रीम कोर्ट ने देश को संदेश दिया है कि अब कानून अंधा नहीं है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के निर्देश पर न्याय की देवी में बदलाव कर दिया गया है। ऐसी ही स्टैच्यू सुप्रीम कोर्ट में जजों की लाइब्रेरी में लगाई गई है। जो पहले न्याय की देवी की मूर्ति होती थी। उसमें उनकी दोनों आंखों पर पट्टी बंधी होती थी। साथ ही एक हाथ में तराजू जबकि दूसरे में सजा देने की प्रतीक तलवार होती थी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ का मानना था कि अंग्रेजी विरासत से अब आगे निकलना चाहिए। कानून कभी अंधा नहीं होता। वो सबको समान रूप से देखता है। इसलिए न्याय की देवी का स्वरूप बदला जाना चाहिए। साथ ही देवी के एक हाथ में तलवार नहीं, बल्कि संविधान होना चाहिए; जिससे समाज में ये संदेश जाए कि वो संविधान के अनुसार न्याय करती हैं। सूत्रों के मुताबिक, सीजेआई चंद्रचूड़ के निर्देशों पर न्याय की देवी

की मूर्ति को नए सिरे से बनवाया गया। सबसे पहले एक बड़ी मूर्ति जजेज लाइब्रेरी में स्थापित की गई है। यहां न्याय की देवी की आंखें खुली हैं और कोई पट्टी नहीं है, जबकि बाएं हाथ में तलवार की जगह संविधान है। दाएं हाथ में पहले की तरह तराजू ही है। न्याय की देवी की वास्तव में यूनान की प्राचीन देवी हैं, जिन्हें न्याय का प्रतीक कहा जाता है। इनका नाम जस्टिया है। इनके नाम से जस्टिस शब्द बना था। इनके आंखों पर जो पट्टी बंधी रहती है, उसका भी गहरा मतलब है।

झापा 20 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, पांच उम्मीदवारों की घोषणा

संवाददाता

रांची : झारखंड पार्टी राज्य के 20 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी प्रमुख एनोस एक्का ने बुधवार को पांच सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। रांची के कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मनोहरपुर से महेंद्र जमुदा, सिमडेगा से आयरिन एक्का, चाईबासा से कोलंबस हांसदा, कांके से अनिल कुमार पासवान और कोलेबिरा से संदेश एक्का का उम्मीदवार बनाया गया है। एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी जल, जंगल, जमीन के मुद्दों पर ही शुरू से राजनीति करती रही है। उन्होंने बताया कि दो दिनों के बाद बचे हुए सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के हित की बात करने वाले और समान विचारधारा वाले दलों से भी गठबंधन किया जाएगा। जो भी नई सरकार बनेगी, उसमें झारखंड पार्टी की भूमिका अहम होगी। झारखंड पार्टी राज्य में पलायन, पेयजल, रोजगार सहित दूसरे मुद्दों का निदान करेगी।

वहीं दूसरी ओर कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा के बड़े पुत्र राजकुमार मुंडा ने अपने समर्थकों के साथ झारखंड पार्टी में शामिल हुए।

कल रांची आएंगे तेजस्वी यादव, चुनाव में राजद कोटे पर करेंगे चर्चा

रांची(संवाददाता)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 18 अक्टूबर को रांची आएंगे। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने बताया कि रांची में राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं से तेजस्वी मुलाकात करेंगे। चुनाव से संबंधित सभी पहलुओं पर बातचीत की जाएगी। मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि तेजस्वी प्रसाद यादव सड़क मार्ग से रांची पहुंचेंगे और वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर बात करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल कितने सीटों पर झारखंड में चुनाव लड़ेगा, इस पर भी अपने दल के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श करेंगे।

देवघर क्यू कॉम्प्लेक्स मामले में आदेश का अनुपालन करे सरकार : हाईकोर्ट

संवाददाता

रांची । देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई।

मामले में राज्य सरकार की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि इससे संबंधित जनहित याचिका में दिसंबर 2023 को हाई कोर्ट द्वारा पारित आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने रिव्यू पिटिशन हाई कोर्ट में दायर किया है, जिसपर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि कि इतनी विलंब से 9 माह बाद रिव्यू पिटिशन क्यों दाखिल किया गया जबकि कोर्ट ने जनहित याचिका में देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के क्यू कॉम्प्लेक्स का निर्माण जल्द करने का आदेश राज्य सरकार को दिया था। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने जनहित याचिका में पारित आदेश का अनुपालन करने का राज्य सरकार को निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 18 अक्टूबर

निर्धारित की। सुनवाई के दौरान पर्यटन सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालूका ने पैरवी की।

पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा दायर किए गए शो काज को रद्द कर दिया था। इसमें राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि सीएसआर फंड से देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण नहीं कराया जा सकता है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने दिसंबर, 2023 में निशिकांत दुबे की ओर जनहित याचिका को स्वीकृत करते हुए देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के क्यू कॉम्प्लेक्स का निर्माण जल्द करने का आदेश दिया था।

दिसंबर तक टला भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी की घोषणा कर दी है। राज्यसभा के संसद सदस्य के लक्ष्मण को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी बनाया गया है। सांसद के लक्ष्मण के नेतृत्व में भाजपा के संगठन चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव दिसंबर तक या जनवरी 2025 में होगा। सदस्यता अभियान का कार्य 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसके बाद राज्यों के संगठन के चुनाव होंगे। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम अभी घोषित नहीं हुआ है। कार्यक्रम घोषित होने के बाद नामांकन और मतदान की तारीख का ऐलान किया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में के लक्ष्मण की नियुक्ति की गई है। उनके सहयोगी के रूप में सांसद नरेश बंसल, संबित पात्रा तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा को राष्ट्रीय सह-चुनाव अधिकारी बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की संगठन के बीच जो रस्सा-कसी चल रही थी।

केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के डीए-डीआर में तीन प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने 01 जुलाई से अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत का इजाफा किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में महंगाई की भरपाई के लिए मूल वेतन या पेंशन की 50 प्रतिशत की मौजूदा दर से तीन प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि को मंजूरी दी गयी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी।

मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य, सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के देशभर में चलाए जाने वाले सक्रिय सदस्यता अभियान का बुधवार को शुभारंभ किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने। इसी के साथ उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी कर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति देते हुए भाजपा का प्रथम सक्रिय सदस्य बनने पर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ कर रहे हैं। यह एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर हमारी पार्टी को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्य बनने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या एक विधानसभा क्षेत्र में 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होगा। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही उन्हें आने वाले समय में पार्टी के लिए काम करने के कई अवसर मिलेंगे।

एनजीटी की रोक हटने के बावजूद दुमका में चालू नहीं हो सका कोई बालू घाट, बालू की किल्लत बरकरार

● दुमका जिला 33 बालू घाटों में एक को भी नहीं मिला सीटीओ

● प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीओ मिले बिना बालू का उठाव होगा अवैध

सुमन सिंह

दुमका । मॉनसून में एनजीटी(नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के आदेश पर नदियों से बालू खनन एवं उठाव पर लगी रोक 16 अक्टूबर से हट गई है पर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से दुमका जिला के किसी भी बालू घाट को सीटीओ (कंसेंट टू ऑपरेट) नहीं मिला है। नतीजतन बालू उठाव पर रोक हटने के बावजूद दुमका में बालू की किल्लत की समस्या बरकरार है। दुमका जिला में केटेगरी-1 के 12 और केटेगरी-2 के 33 बालू घाट हैं।केटीगरी-1 के बालू घाट पंचायतों के अधीन है जबकि केटेगरी-2 के बालू घाटों का नियंत्रण झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) के अधीन है। जेएसएमडीसी ने जिले के बालू घाटों के संचालन के लिए एमडीओ(माइंस डेवलपर एंड ऑपरेटर) बहाल कर रखा है। पर सीटीओ नहीं रहने की वजह से बालू घाटों से बालू उठाव नहीं हो सकता है। अगर बिना सीटीओ के इन बालू घाटों से बालू का उठाव होता है तो उसे अवैध माना जाएगा। इस बीच दुमका के जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने पूछे जाने पर 'संताल एक्सप्रेस' को बताया कि केटेगरी-2 के बालू घाटों से बालू उठाव में हो रही तकनीकी दिक्कतों को शीघ्र ही दूर करने का उपाय जेएसएमडीसी के द्वारा किया जा रहा है। जेएसएमडीसी ने तत्काल जिले के 7 बालू घाटों को चालू करने की दिशा में आवश्यक पहल के लिए 6 कर्मियों को दुमका में प्रतिनियुक्त किया है।

-------- -------- --------

केटेगरी-1 के 12 बालू घाट

मुर्गाबनी बालू घाट,सरिया बालू घाट, मुसलचक बालू घाट, गायबथानी बालू घाट,कादलजोडी बालू घाट, गजम्बा बालू घाट, नावाडीह बालू घाट, केहरा बालू घाट, मधुबन बालू घाट, बाभनी बालू घाट, हीरापुर बालू घाट और पलासी बालू घाट

-------- -------- --------

केटेगरी-2 के 33 बालू घाट

दिगुली बालू घाट,नारगंज बालू घाट, महुलपुर बालू घाट,छोटाकमटी बालू घाट, एकतल्ला बालू घाट, बेनीग्राम बालू घाट, कुमिरदाहा बालू घाट, रांगा बालू घाट, विजयपुर बालू घाट, हरियाखा बालू घाट, हरिपुर बालू घाट, कालीपुरंगा बालू घाट, केन्दुआबहियार बालू घाट,नयाडीह-आसनबनी दुधानी बालू घाट, मुड़माला बालू घाट, मुरलीचक बालू घाट, कटनी बालू घाट,मगुरडीह बालू घाट,हरिपुर बालू घाट(टेपरा), सिमरा बालू घाट, हरिणगोहाल ए बालू घाट, हरिणगोहाल बी बालू घाट, हरलाडंगाल बालू घाट, बरमसिया बालू घाट,सेमरा बालू घाट,असनजोर बालू घाट, जरका-नवाडीह बालू घाट,रेरहा बालू घाट, ढेकचागोनहा-1 बालू घाट, ढेकचागोनहा 2 बालू घाट, अमरपुर बालू घाट,फुलसराय बालू घाट और कुसुमघटा बालू घाट।

गुमला में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

संवाददाता

गुमला । जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर टैंसेरा स्कूल के समीप एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया, जिसमें बाइक सवार मुरकुंडा ढिढोली टोली निवासी सालो देवी, पोढ़ा टोली निवासी शनिचर चिक बड़ाइक और उसकी पत्नी रोहिता देवी की मौत हो गई। सालो और शनिचर भाई-बहन थे। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में लिया। बताया जा रहा है कि सालो देवी अपने भाई शनिचर चिक बड़ाइक के घर पोढाटोली मेहमानी गई थी। लौटने के दौरान टैंसेरा मोड़ के पास एक स्कूटी से बाइक की हल्की टक्कर हुई, जिससे अनियंत्रित होकर बाइक सवार तीनों

रोड पर जा गिरे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार हाइवा तीनों को रौंदते हुए निकल गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब ेद घंटे तक गुमला राउरकेला मार्ग को जाम कर दिया।

वहीं दूसरी घटना बिशुनपुर थाना क्षेत्र के चिंगरी एवं चिपरी गांव के बीच मुड़टंगवा मोड़ के समीप बॉक्साइट से लदा ट्रक ने बाइक सवार युवकों को रौंद डाला, जिससे दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि 22 वर्षीय गुदेश्वर साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर में प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल गुमला भेजा दिया गया है। जानकारी के अनुसार भरनो थाना क्षेत्र के परवल निवासी गुदेश्वर साहू एवं उसके दो अन्य दोस्त बाइक में सवार होकर नेतरहाट जा रहे थे। मूड़टंगवा मोड़ के समीप विपरीत दिशा से बॉक्साइट लेकर आ रहे एक ट्रक ने बाइक सवार युवकों को रौंद डाला, जिससे दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि बुद्धेश्वर साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। खबर लिखे जाने तक मृतक युवकों की पहचान नहीं हो पाई है। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है। पुलिस शवों को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

मंईयां सम्मान योजना के नाम पर किया जा रहा फंड डायवर्सन : अर्जुन राम

संवाददाता

धनबाद । केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल बुधवार को धनबाद दौरे पर पहुंचे । इस दौरान कई कार्यक्रम में शिरकत करते हुए वो धनबाद के हीरापुर स्थित अग्रसेन भवन में पत्रकारों से मुखातिब हुए। उन्होंने झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना पर सवाल खड़े करते हुए आशंका जाहिर कि योजना के नाम पर फंड डायवर्सन किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कोयला चोरी मामले पर कहा कि देश की ऊर्जा की इतने बड़े पैमाने पर चोरी

होना, बड़ा ही गंभीर और चिंताजनक मुद्दा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार आती है तो कोयला चोरी पर रोक लगेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग के कारण हो रहे प्रदूषण पर भी रोक लगाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आगे कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार आने पर विकास के कार्यों में तो तेजी आएगी ही, साथ ही यहाँ कोयला उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी। केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने डेवलपमेंट और अच्छा गवर्नमेंट को भाजपा का चुनावी एजेंडा बताया।

जम्हूरियत को बेचने में लगे हैं भाजपा और चुनाव आयोग : सुप्रियो भट्टाचार्य

संवाददाता

रांची । झारखंड मुक्ति मोर्चा(झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने हेमंत सरकार के पिछले पांच साल के कार्यकाल की उपलब्धियां और चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब 2019 के चुनाव में बहुमत लाकर सरकार में आए तो कोरोना से उनका स्वागत हुआ। दो साल कोरोना की लड़ाई में बीत गए। जब इससे बाहर आए तो फिर सरकार को गिराने की साजिश शुरू हो गई लेकिन एक-एक कर हर चीज से निपटने में सरकार सफल

साबित हुई। अब चुनाव की घोषणा हो गई है फिर से चुनावी मैदान में जाना है।

भट्टाचार्य बुधवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकार ने युवाओं और छात्रों के लेकर काम किया है। अब चुनाव में इन उपलब्धियों को लेकर जनता के पास जायेंगे। उन्होंने कहा कि पहले हरियाणा का चुनाव महाराष्ट्र के साथ होता था लेकिन इस बार हरियाणा में अकेले चुनाव कराया गया और झारखंड महाराष्ट्र एक साथ हो रहा है। यह बताने को काफी है कि किसके इशारे पर चुनाव आयोग कम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक फिल्म आई थी बंटी और बबली। इसमें ताजमहल को बेचा था। ऐसे ही बंटी और बबली भाजपा और चुनाव आयोग हो गये हैं, जो जम्हूरियत को बेचने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 43 सीटों पर ही चुनाव की घोषणा क्यों हुई, 47 भी हो सकती थी। इसमें मांडू और रामगढ़ और खिजरी का नाम नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना छोड़ो बेकार की बातें। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुस्कुराहट ही बता रही थी कि कुछ तो घपला घोटाला होने वाला है। उन्होंने कहा कि मांडू दो जिले में आता है।

झामुमो कार्यकर्ता पूरे मन से जुटे चुनाव में : मथलेश ठाकुर

संवाददाता

गढ़वा । झामुमो महिला मोर्चा की बुधवार को पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री ठाकुर को ऐतिहासिक मतों से जीताने का संकल्प ली। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों को झारखंड सरकार के कार्यों से अवगत कराने एवं बूथ कमेटी को मजबूत करने का निर्णय लिया।मंत्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार ने काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद राज्यहित एवं जनहित में

बहुत ही बेहतर कार्य की है।राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही सभी जनहित की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचायें। साथ ही विरोधियों की झूठ फरेब की नीति से भी जनता को अवगत करायें।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता तन, मन से लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में लग जायें।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को अपने बूथ को मजबूत करते हुए चुनाव जीतने की टिप्स भी बताया। मंत्री ने कहा कि विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, जनता भ्रमित होने वाली नहीं है। आगामी विस चुनाव में हर हाल में महागठबंधन बहुमत के आंकड़े को पार करेगा।गढ़वा की जनता विकास करने वाले को ही अपना जनप्रतिनिधि चुनेगी। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही सरकार बनेगी. बैठक में मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, अराधना सिंह, रेखा पाठक सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थी।

पंडरा ओपी में दर्ज प्राथमिकी की जांच सीबीआई से कराई जाए : बाबूलाल

संवाददाता

रांची । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में मरांडी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से आग्रह किया है कि पंडरा ओपी में दर्ज प्राथमिकी की जांच सीबीआई से कराई जाए। पत्र में लिखा है कि कथित वकील सुजीत कुमार पर ईडी को मैसेज करने के नाम पर अफसरों से ठगी करने का आरोप लगाया गया है।

पत्र में लिखा है कि जांच अधिकारी और जांच से जुड़े अन्य पुलिस अधिकारी इस मामले का उपयोग कई सरकारी अधिकारियों से भारी मात्रा में धन उगाही कर रहे हैं। वहीं, सरकारी अधिकारियों के निर्देश पर विपक्षी राजनीतिक दलों को फंसाने के लिए इस केस को एक उपकरण के रूप में

इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके पीछे सत्ता पक्ष के लोग काम कर रहे हैं। बाबूलाल ने पत्र में लिखा है कि ईडी के नाम पर धोखाधड़ी से जो राशि अर्जित की गई है, उसका इस्तेमाल चुनाव के लिए किया जा रहा है। कई सरकारी अफसर जांच के दायरे में हैं, उन्हें चुनाव के दौरान मतदान का प्रबंधन करने और चुनाव के दौरान उनके एजेंट के रूप में कार्य करने की धमकी दी जा रही है। इस मामले में पुलिस ने संजीव पांडे और वकील सुजीत कुमार को गिरफ्तार किया है।

चंपाई सोरेन की युवाओं से अपील : आइए, साथ मिल कर बनाएं नया झारखंड

संवाददाता

रांची : राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने युवाओं से अपील की है।उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि आइये, साथ मिल कर एक ÷नया झारखंड÷ बनाते हैं, उन लोगों के जीवन-स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं, जिन्होंने इस नए राज्य के साथ अपने बेहतर भविष्य के सपने देखे थे। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर राज्य के युवाओं से कहा है कि युवा शक्ति के कंधों पर किसी भी राज्य तथा राष्ट्र का भविष्य होता है।मात्र 24 साल पुराने हमारे झारखंड राज्य को लेकर आपके मन में कई सपने, उम्मीदें एवं आकांक्षाएं होंगी।आप में से कई साथी अपने परिवार, समाज,

राज्य तथा राष्ट्र के लिए बहुत कुछ करना चाहते हैं, लेकिन व्यवस्था की वजह से मजबूर हैं। आपकी परेशानियों तथा आपके मुद्दों को हमने करीब से देखा एवं समझा है।झारखंड के युवा साथियों को जोहार।युवा शक्ति के कंधों पर किसी भी राज्य तथा राष्ट्र का भविष्य होता है। मात्र 24 साल पुराने हमारे झारखंड राज्य को लेकर आपके मन में कई सपने, उम्मीदें एवं आकांक्षाएं होंगी।आप में से कई साथी अपने परिवार, समाज, राज्य तथा राष्ट्र के लिए बहुत कुछ करना।चंपाई ने अपने पोस्ट में लिखा है कि पिछले साढ़े चार दशकों के मेरा बेदाग राजनीतिक सफर रहा है। हमने हमेशा युवाओं, छात्रों, महिलाओं एवं बड़े-बुजुर्गों समेत समाज के सर्वांगीण विकास के लिए काम किया है।हर किसी के मुद्दों व शिकायतों को सुनने और उनका समाधान तलाशने के लिए प्रयासरत रहा हूं। हमारे कार्यकाल में दर्जनों डिग्री कॉलेज, पॉलीटेक्निक और अन्य शिक्षण संस्थानों का निर्माण शुरू किया गया था।

धनबाद में 3 छात्रों ने सहपाठियों की अश्लील तस्वीर बना सोशल मीडिया पर डाला,हुए सस्पेंड

धनबाद । मुगमा के एक स्कूल की नौवी कक्षा के तीन छात्रों द्वारा अपनी ही कक्षा के कुछ छात्र-छात्राओं की तस्वीर को एडिट कर अश्लील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है।वायरल फोटो की जानकारी जब छात्रों के अभिभावकों को हुई, तो उन लोगों ने बुधवार को स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा किया।प्राचार्य से शिकायत की और आरोपी छात्रों पर कार्रवाई की मांग की।अभिभावकों ने आरोपी छात्रों के खिलाफ थाना में शिकायत करने की बात कही है।सूचना मिलने पर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी व निरसा थानेदार मंजीत कुमार दलबल के साथ स्कूल पहुंचे और प्राचार्य व अभिभावकों से मामले की जानकारी ली।निरसा थानेदार ने सभी अभिभावकों को थाना पहुंचकर मामले की शिकायत देने की बात कही है।अभिभावकों ने बताया कि तीनों आरोपी छात्र निरसा के रहने वाले हैं। उन लोगों ने नौवी कक्षा के ही करीब छह छात्रों व छात्राओं की फोटो एडिट कर अश्लील बनाकर इंटरनेट पर डाल दिया। इधर, प्राचार्य ने स्कूल परिसर में इस तरह की किसी घटना से इनकार किया है।कहा कि घटना स्कूल के बाहर की है।फिर भी तीनों छात्रों को कक्षा से सस्पेंड कर दिया गया है।

सड़क हादसे में चर्च के फादर की मौत

खूंटी । जिले के जरियागढ़ थानांतर्गत डोड़मा-गोविंदपुर रोड पर मंगलवार की शाम दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में आरसी विद्यालय जम्हार के फादर फुलजेम्स बागे (49) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फादर फुलजेम्स बागे मंगलवार की शाम अपनी मोटरसाइकिल से मुरहू के हस्सा स्थित संत नॉबर्ट चर्च से जम्हार लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पक्की सड़क पर गिरने से फादर के सिर पर गंभीर चोट लगी। उसे सदर अस्पताल खूंटी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया। दुर्घटना में फादर की आकस्मिक मौत से मसीही समुदाय के लोगों में शोक व्याप्त हो गया है।

डीसी ने की राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

धनबाद । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा भी लागू है। उन्होंने कहा अब हर कार्यक्रम के आयोजन के लिए राजनीतिक दल को सुविधा पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके लिए सुविधा पोर्टल पर आसानी से ऑनलाइन आवेदन देकर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी व्यय कोषांग को उपलब्ध कराएंगे।

मवेशी लोड वाहन का पीछा करने के दौरान पुलिस जीप का टायर फटा, हादसे में चालक की मौत

संवाददाता

गिरिडीह । जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र के लक्ष्मण मोड़ के समीप एनएच-19 पर मवेशी गाड़ी का पीछा करने के दौरान डुमरी थाना के पुलिस जीप का टायर फट गया। इस घटना में पुलिस जीप के प्राइवेट ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक पुलिस अधिकारी और एक जवान घायल हो गए।

बताया जाता है कि मवेशियों से भरा एक मालवाहक वाहन डुमरी थाना क्षेत्र से गुजर रही थी। डुमरी पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस उक्त गाड़ी का पीछा करने लगी। इसी क्रम में पुलिस के जीप का टायर फट गया। जिससे जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में जीप चालक रंजीत साव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि डुमरी थाना के एसआई भास्कर ठाकुर और एक जवान विवेकानंद मुर्मू गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद आनन फानन दोनों घायलों को स्थानीय एक निजी हॉस्पिटल में इलाज हेतु भर्ती

कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उन दोनों को खतरे से बाहर बता उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें उन्हें छोड़ दिया। वहीं घटना की सूचना पाकर विभाग के वरीय पदाधिकारी भी वहाँ पहुंचे और मृतक जीप चालक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गये है।

बीडी प्रसाद की इनोवा गाड़ी में ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर, चालक की मौत, दो घायल

संवाददाता

पलामू । ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष और बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद की इनोवा गाड़ी में बुधवार रात लगभग एक बजे बाराचट्टी थाना (गया) के ताराचंडी पास एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ड्राइवर विजय शर्मा की मौत हो गई।

यह दुर्घटना तब घटी जब ब्रह्मदेव प्रसाद, मंतोष ठाकुर और विजय शर्मा

रांची से गया जा रहे थे। दुर्घटना में ब्रह्मदेव प्रसाद और मंतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें तुरंत गया के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। उनके समर्थक व परिवारजन उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। इस हादसे ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डाल दिया है। उनके परिवार और समर्थकों ने सरकार से इस हादसे की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ध्वनि प्रदूषण के आदेश का सख्ती से पालन करे राज्य सरकार : हाईकोर्ट

संवाददाता

रांची । राजधानी रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोर्ट के स्वत संज्ञान संज्ञान एवं रांची शहर में बैंक्विट हॉल, धर्मशाला, मैरिज हॉल में लाउडस्पीकर एवं डीजे के साथ रात 10ः30 बजे के बाद बारात लगने से ध्वनि प्रदूषण रूल का उल्लंघन होने को लेकर दाखिल झारखंड सिविल सोसाइटी की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई।

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट की खंडपीठ ने रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाई कोर्ट के 19 सितंबर, 2023 के आदेश का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने यह भी मौखिक कहा है कि यदि ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोई शिकायत करता है, तो उसके नाम का खुलासा न किया जाए, जिससे उसे किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोर्ट ने 19 दिसंबर, 2023 को विस्तृत आदेश पारित किया था लेकिन इसे लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए लेकर वर्ष 2019 में गठित टास्क फोर्स कोर्ट के आदेश का सही तरीके से अनुपालन नहीं कर पा रही है।

हजारीबाग की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाए राज्य सरकार : हाईकोर्ट

रांची । हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह हजारीबाग के मुख्य चौक चौराहा पर ट्रैफिक सिग्नल लगाएं और सीसीटीवी और ट्रैफिक पुलिसकर्मी की संख्या बढ़ाये खंडपीठ ने कहा कि हजारीबाग में ट्रैफिक सुधार के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट के तहत ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाया जाना चाहिए।

चौपारण : वाहन जांच में बस से 6 लाख 22 हजार बरामद

संवाददाता

हजारीबाग । विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार सहिता के प्रभावी होने के बाद निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने जलि के सभी चेक नाकों व विभिन्न स्थानों पर गहन सतर्कता बरतने के साथ साथ जांच अभियान चलाने के आदेश दिए है।इसी क्रम में बुधवार को चौपारण थाना गेट के सामने अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव चौपारण एवं पु.अ.नि. बिन्देश्वर महतो सहित अन्य बलो के साथ सयुंक्त वाहन चेकिंग के दौरान महारानी बस क्रम02क्ष-0351 में एक व्यक्ति के पास से एक बैग में रखे बैग से कुल नगद राशि कुल 6,22,970/-(छः लाख बाईस हजार नौ सौ सतर रु बरामद हुआ है।

पूछताछ के क्रम में संबंधित व्यक्ति कमलेश प्रसाद शर्मा पता गया प्रसाद शर्मा,बरन्डी थाना बाराचट्टी जिला गया,बिहार के द्वारा उक्त कैश के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी और कागजात प्रस्तुत नही किया गया।वरीय

पदाधिकारी एंव एफएसटी के दण्डाधिकारी प्रदीप कुमार पासवान को इस संबंध में जानकारी दी गई तथा आचार संहिता के प्रावधानों के अनुसार विधिवत बरामद राशि का जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया।जब्त रुपए और पकड़े गये व्यक्ति को अग्रतर कार्रवाई हेतु एफएसटी टीम के दण्डाधिकारी को सौंपा गया।

झारखंड में चुनावी रण तैयार, कोल्हान प्रमंडल सत्ता के लिए है खास

क्या भाजपा चंपाई के साथ हेमंत का किला फतह करने में होगी कामयाब?

संवाददाता

रांची । झारखंड विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। चुनावी रण सज गया है लेकिन इसमें जो सबसे अहम है, वह है झारखंड का कोल्हान प्रमंडल। कहा जाता है कि झारखंड की सत्ता तक पहुंचने का रास्ता कोल्हान से होकर ही गुजरता है। कोल्हान झारखंड के पांच प्रमंडलों में से एक है, जहां 14 विधानसभा सीटें हैं, जिसमें जुगसलाई, जगरनाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, ईचागढ़, जमशेदपुर पूर्वी, सरायकेला, जमशेदपुर पश्चिमी, पोटका, घाटशिला, चाईबासा, मझगांव, खरसावां विधानसभा सीट शामिल है।

2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी इन 14 सीटों पर खाता भी नहीं खोल सकी थी। हालांकि झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के लिए भी लड़ाई आसान नहीं थी। इस बार कोल्हान के टाइगर चंपई सोरेन बीजेपी के साथ खड़े हैं तो बीजेपी को उम्मीद है कि 14 सीटों पर चंपई सोरेन

संकटमोचक बन सकते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जेएमएम का ये किला क्या बीजेपी भेद पाएगी?

इस बार झाविमो का बीजेपी में विलय हो चुका है और बाबूलाल मरांडी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। इसके अलावा आजसू भी एनडीए के साथ विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। वहीं जदयू और चिराग पासवान की लोजपा भी बीजेपी के साथ है। ऐसे में बीजेपी महागठबंधन के मुकाबले ज्यादा ताकतवर दिख रही है। बीजेपी उन सीटों को जीतने की कोशिश करेगी, जहां आजसू और जेवीएम के चलते दूसरे नंबर पर थी।

2019 के विधानसभा चुनाव जुगसलाई विधानसभा सीट पर झामुमो के मंगल कालिंग ने बीजेपी के मुचिराम को 21934 वोट से हराया था जबकि झाविमो के उम्मीदवार रामचंद्र सहिस को 46779 वोट मिले थे। ऐसे में इस सीट पर भी बीजेपी को अबकी बार जीत की उम्मीद नजर आ रही है।

कोल्हान क्षेत्र का सबसे वीआईपी सीट है जगरनाथपुर, यहां 2019 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशी सोनाराम सिंकू ने जेवीएम के मंगल सिंह बोबोंगा को 11606 वोट से हराया था और यहां बीजेपी 16450 वोट पाई थी और आजसू को 14223 वोट मिले थे। 2019 के विधानसभा चुनाव में मनोहरपुर सीट पर झामुमो की जोबा मांझी ने 16019 वोटों से बीजेपी को हराया था। जबकि आजसू के उम्मीदवार बिरसा मुंडा को 13468 वोट मिले थे। 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो के सुखराम उरांव ने बीजेपी के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्ण गिलुआ को 12234 वोट मिले थे। वहीं झाविमो को 17487 वोट मिले थे। इसके अलावा सुदेश महतो की पार्टी आजसू के उम्मीदवार रामलाल मुंडा को 17232 वोट मिले थे।

2019 के विधानसभा चुनाव में ईचागढ़ सीट पर महागठबंधन की उम्मीदवार सरिता महतो ने 18710 वोट से आजसू के उम्मीदवार हरेराम महतो को हराया था। वहीं बीजेपी के साधुशरण महतो को 38485 वोट मिले थे।

2019 के विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर पूर्वी सीट से सीएम रघुवर दास चुनाव हार गए थे। निर्दलीय उम्मीदवार सरयू राय ने रघुवर दास को 15833 वोट से हराया था और इस बार सरयू राय जदयू में हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के उम्मीदवार रहे चंपई सोरेन ने बीजेपी के उम्मीदवार गणेश महली को 15667 वोटों से हराया था। वहीं आजसू के उम्मीदवार अनंत राम टुडू को 9956 वोट मिले थे। हालांकि इस बार का चुनाव चंपई सोरेन बीजेपी के साथ लड़ेंगे। 2019 के विधानसभा चुनाव में घाटशिला सीट पर बीजेपी उम्मीदवार की हार के अंतर से काफी ज्यादा वोट आजसू को मिला था। जेएमएम के रामदास सोरेन को 63531 वोट मिले थे। वहीं बीजेपी उम्मीदवार लखनचंद मार्डी को 6724 वोट मिले थे। इसके अलावा आजसू को 31910 वोट मिले थे।

आर्थिक गतिविधियां प्रभावित न हों, इस हेतु कैश सीजर मामलों में व्यापारियों को राहत दिया जाय : चैंबर

संवाददाता

रांची । चुनावी आचार संहिता प्रभावी होने के कारण इस दौरान आर्थिक गतिविधियां प्रभावित न हों, इस मुद्दे पर आज चैम्बर भवन में पदाधिकारियों की एक बैठक संपन्न हुई। इस बात पर चिंता जताई गई कि चुनावी मौसम के बीच त्यौहार का समय भी नजदीक है। प्रदेश के कई जिलों से व्यापारी राजधानी रांची खरीदारी करने के लिए आवागमन करते हैं। आचार संहिता के कारण कई बार व्यापारियों की कॅश जब्ती कर ली जाती है जिससे अनावश्यक कठिनाई होती है। यह कहा गया चुनाव के दौरान होनेवाली परेशानी को देखते हुए माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में कुछ जरूरी दिशा-निर्देश जारी किये गये थे, जिस आलोक में झारखण्ड चैंबर कैश सीजर मामलों में व्यापारी वर्ग को रियायत देने की मांग राज्य निर्वाचन आयोग से करता है और आग्रह करता है कि कैश की बरामदगी होने पर उचित दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने पर संबंधित लोगों की रकम वापस लौटा दी जाय। चर्चाओं के क्रम में सदस्यों ने कहा कि दस्तावेज के साथ 5 लाख रू0 तक आपसी लेन-देन करनेवाले व्यापारियों को छूट दी जानी चाहिए। चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कैश सीजर मामले में वीडियोग्राफी भी कराये जाने का प्रावधान है।

आयोग द्वारा इसका अनुपालन भी अवश्य किया जाना चाहिए। फिलहाल दिवाली, छठ पूजा के साथ ही शादी-विवाह का सीजन भी है जिससे लोग पूरे राज्य से अपने जरूरत के सामान की खरीदारी करने के लिए निकलते हैं, ऐसे में आवश्यक है कि उचित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लोगों को रियायत दी जाय। चुनाव के कारण आर्थिक गतिविधियां प्रभावित न हों, इस हेतु निर्वाचन आयोग को इस मामले में उचित कार्रवाई करनी चाहिए

जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने डीसी के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

साहिबगंज। समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने आमजनों की समस्याएं सुनी। जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने उपस्थित पवन कुमार साह , भोला यादव ,खुशी देवी , शिल्पी कुमारी से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। उपायुक्त ने संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही।

3 दिनों से हड़ताल पर 108 एम्बुलेंस कर्मचारी

साहिबगंज। 14 अक्टूबर की रात 8 बजे बकाया वेतन व अन्य मांगों को लेकर 108 एम्बुलेंस के ईएमटी व ड्राइवर्स की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को कर्मियों ने एसडीओ को आवेदन सौंपा। कर्मियों ने बताया कि जेडएचएल कंपनी पिछले 3 माह से वेतन नहीं दे रही है। इससे कर्मियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बताया कि जेडेएचएल कंपनी ने उन्हें 2023 जुलाई और अगस्त जबकि जीवीके ईएमआरआई कंपनी ने उन्हें सितंबर 2024 का वेतन नहीं नहीं दिया है। जीवीके ईएमआरआई कंपनी का टेंडर अगस्त 2024 में समाप्त हो गया है। जबकि उक्त कंपनी ने अभी तक जॉइनिंग लेटर भी नहीं दिया है। टेंडर लेने वाली नई कंपनी रजिस्ट्रेशन के नाम पर मनमानी रकम मांगती है। पीएफ व ईएसआईसी की सुविधा भी उन्हें नहीं मिल रही है। कोरोना काल में कई गई ड्यूटी का भुगतान भी अभी तक नहीं मिला है। पिछली कंपनी से वेतन मांगने पर एनआरएचएम से भुगतान नहीं होने की बात कहती है। कर्मियों ने बकाया वेतन भुगतान करने, एनएचआरएम से उन्हें स्थायी करने व एनआरएचएम से ससमय वेतन भुगतान करने की मांग की। मौके पर कुंदन वर्मा, नीलेश कुमार सिंह, माणिक मंडल, योगेश, राजू ठाकुर, रीना कुमारी, मो राशिद, अशोक, पवन, चंचला हांसदा सहित अन्य मौजूद थे।

आरपीएफ ने तीन बच्चों का किया रेस्क्यू

साहिबगंज/तीनपहाड़ पूर्वी रेलवे के मालदा रेल मंडल अंतर्गत राजमहल और तीनपहाड़ रेलवे स्टेशनों पर बुधवार को तीन अलग-अलग बच्चों को संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने के बाद रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ ने उनका रेस्क्यू किया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे राजमहल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारी एस.के. सिंह ने 14 वर्षीय किशोर का रेस्क्यू किया। किशोर ने बताया कि अपने घर का रास्ता भूल है। किशोर जिले के आलमपुरा गांव का रहने वाला है। किशोर को मंथन को सौंप दिया गया। वहीं तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर आरपीएफ एचसी नवीन कुमार यादव ने एक तिलडांगा गांव निवासी 12 वर्षीय किशोर एवं प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर 10 वर्षीय तिलडांगा निवासी बालक का रेस्क्यू कर उसे मंथन को सौंप दिया।

पेड़ से गिरकर एक घायल, अस्पताल में भर्ती

साहिबगंज। जिले के बाँसकोला में बुधवार को सरिफा के पेड़ से गिरने से एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। अस्पताल में मौजूद चिकित्सक मोहन मुर्मू घायल के फौरन इलाज में जुट गए बताया जा रहा है कि घायल गुज्ज़ा पहाड़िया(56) सरिफा तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। इसी दौरान संतुलित होकर गिर गया। वही घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

बीडीओ एवं सीओ ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

फतेहपुर । विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर फतेहपुर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार दास एवं अंचलाधिकारी हिम्मत लाल महतो की उपस्थिति में बुधवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बीडीओ द्वारा विधानसभा चुनाव के सफल आयोजन के लिए निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। बीडीओ ने सार्वजनिक भवन, बिजली पोल, सड़क के चौराहे, सार्वजनिक संपत्ति आदि जगहों से अपनी पार्टी की बैनर पोस्टर हटा लेने की बात कही, अन्यथा उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आचार संहिता का पालन करते हुए बिना अनुमति के बैठक, जुलूस तथा प्रचार वाहन आदि का उपयोग नहीं करें। बैठक में बताया गया आंगनवाड़ी भवन, बिजली के पोल एवं अन्य सरकारी भवन में किसी तरह की अपनी पार्टी का प्रचार झंडा नहीं लगाएंगे। इसके अलावा प्राइवेट मकान एवं प्राइवेट वाहनों पर भी बिना किसी अनुमति के झंडा बैनर नहीं लगाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया है। बीडीओ, सीओ ने दलों के प्रतिनिधियों से आदर्श आचार संहिता पालन करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश व जानकारी दी। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद गोस्वामी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जलालुद्दीन अंसारी, वकील सोरेन समेत अन्य उपस्थित थे।

एक वारंटी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

उधवा। राधानगर थाना पुलिस ने देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पियारपुर गांव में छापेमारी कर पुराने मामले के एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। उसे बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने बताया कि जीआर 1/15 के नामजद अभियुक्त पियारपुर निवासी मोतीउर रहमान के विरुद्ध मामला दर्ज है। उक्त अभियुक्त लंबे से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। इस दौरान राजमहल व्यवहार न्यायालय से उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर वारंट निर्गत जारी किया गया है। न्यायालय के निर्देश के आलोक में पुलिस द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर विभिन्न गुप्त ठिकानों पर सघन छापेमारी कर रही थी। वही पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अभियुक्त अपने घर में छिपे है। सूचना के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोतीउर रहमान को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। वही अभियुक्त की स्वस्थ जांच के बाद बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय के अलावा अन्य पुलिस दल बल मौजूद थे।

वाहन चेकिंग के दौरान एक देशी कट्टा व कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस
राजमहल। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान देशी कट्टा व कारतूस के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के आदेशानुसार सभी थानों में एन्टी क्राईम चेकिंग करने के लिए निर्देशित किया गया था। उक्त आदेश के आलोक में थाना क्षेत्र के फुलबड़िया चेकनाका पर एन्टी क्राईम वाहन चेकिंग किया जा रहा था, इसी बीच में टोटो पर सवार दो व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास किये जिसे चेकिंग में सम्मिलित पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया, जिसका तलाशी लेने पर कमर में खोसा हुआ एक देशी कट्टा एवं एक जिन्दा कारतुस तथा एक कीपैड मोबाईल जप्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम धनराज हजारी उम्र करीब 22 वर्ष सा0 नयाबाजार, नियर बिरसा मुण्डा टॉउन हॉल एवं मो0 रहमान उम्र- 19 वर्ष सा0 नयाबाजार, थाना राजमहल, जिला साहेबगंज को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। इधर पुलिस ने राजमहल थाना काण्ड सं0-166/24 दिनांक-15.07.2024 धारा- 25 (1-बी) 26/35 आर्म्स एक्ट के दर्ज कर गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।छापामारी दल में पु0नि0 श्यामलाल हाँसदा, राजमहल थाना प्रभारी पु0अ0नि0 गुलाम सरवर थाना प्रभारी, पु0अ0नि0 विक्रम कुमार, पु0अ0नि0 बिट्टू कुमार साह,पु0अ0नि0 सालखु मुर्मू,पु0अ0नि0 महादेव उराँव, स0अ0नि0 तसलीम रजा स0अ0नि0 अरविन्द कुमार दास,आरक्षी विर सिंह महतो, सुनिल कुमार गुप्ता,गुलशन कुमार सहित अन्य थे।

पुलिस ने छापामारी कर अवैध शराब किया बरामद

संताल एक्सप्रेस सं
साहिबगंज/तीनपहाड़ क्षेत्र के सुतियारपाड़ा गांव में पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री पर की गईं बड़ी कार्रवाई कर एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार। सूत्रों के मुताबिक बुधवार को सुबह लगभग 4ः00 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव में स्थित एक दुकान में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है।इस सूचना के आधार पर एएसआई पंचानंद दास के नेतृत्व में सशस्त्र बल की एक टीम को गठित कर कार्रवाई की गई। सुबह करीब 5ः00 बजे पुलिस ने मनोहर राय नामक व्यक्ति की दुकान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान दुकान के काउंटर के नीचे से 14 केन बीयर और 9 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने मनोहर राय को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद, मनोहर राय के खिलाफ तीनपहाड़ थाना में कांड संख्या 52/24 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 274/275 बीएनएस और 47(ए) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई को इलाके में अवैध शराब के कारोबार पर कड़ी चोट के रूप में देखा जा रहा है।जो पुलिस के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।पुलिस ने यह भी साफ किया कि अवैध शराब के व्यापार में लिप्त अन्य लोगों के खिलाफ भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

अर्बनपेथी वोटर्स को लेकर कॉलेज में शपथ दिलाई गई

संवाददाता
साहिबगंज महाविद्यालय , साहिबगंज में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में शहरी मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी क्षेत्र अंतर्गत मतदान बूथ पर मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो सके। क्क्श्वस्त्र के छात्र -छात्राओं को शपथ दिलवाकर उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ- साथ वृद्ध महिला युवा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान बूथ पर लाना है इसे तो समस्या शिकायत और सुझाव आमंत्रित किए गए।आगामी दिनों में महाविद्यालय के नंदन भवन में मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित करने हेतु रूपरेखा तैयार की गई ।जिसमें निर्वाचन विभाग के वरीय पदाधिकारी की भी भूमिका रहेगी। इन्हीं सब विषयों को लेकर के आज इस कार्यक्रम में परिचर्चा की गई।
कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी- सह- नोडल पदाधिकारी चित्रा यादव, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एस0आर0 आई0 रिजवी, मॉडल कॉलेज राजमहल के प्रधानाचार्य डॉ0 रणजीत कुमार सिंह, स्वीप कोषांग के कर्मी नवीन कुमार,अनंत कुमार, लुइस मुर्मू, रश्मी प्रियंबदा, जिला निर्वाचन कार्यालय एवं सहकर्मी तथा महाविद्यालय में कार्यरत एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

एड्स से बचाव के लिए चलाया जागरूकता अभियान

साहिबगंज। सिविल सर्जन प्रवीण संथालिया के आदेशानुसार सदर अस्पताल साहिबगंज के प्रांगण मे स्टॉल लगाकर एड्स से बचाव एवं नियंत्रण हेतु युवाओं एवं आम जनों को जागरूक करने के लिए इंटेन्शिफाइड आईईसी केम्पेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमे लोगों को एड्स के बारे में जानकारी दिए और इससे बचाव के लिए भी कई महत्वपूर्ण उपाय बताया गया। बताया गया कि यह कैपेनिंग 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक किया जाना है।मौके पर डॉश सत्तीबाबू डाबडा जिला भीबीडी सलाहकार,संजय राम एफपी काउंसेलर,स्वीटी कुमारी आदि सभी एआरटीसी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

मारपीट में दंपति घायल

साहिबगंज। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कारगिल दियारा में मंगलवार की रात आपसी विवाद में हुई मारपीट में योगेश महतो (36) व उसकी पत्नी सुनैना देवी घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल योगेश महतो ने बताया कि उसके पिता जनार्दन महतो, भाई सुनील महतो, विष्णु कुमार व किसानु कुमार ने लोहे की खंती से प्रहार कर दोनों को घायल कर दिया।

बीडीओ ने बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से झंडा, पोस्टर व दीवार लेखन हटाने का दिया निर्देश

मंड़रो,साहिबगंज।प्रखंड प्रखंड सभागार में विकास बीडीओ मेघनाथ उरांव कि अध्यक्षता में एवं मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार की उपस्थिति में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को आदर्श आचार संहिता लागू होने से एक बैठक आयोजित की गईं।बैठक में बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों को बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से अगले 48 घंटे में सभी प्रकार के झंडा,बैनर,पोस्टर को हटाने व दीवाल लेखन को मिटाने का आदेश दिया गया। बीडीओ के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया,कि वोटरों को पैसा देकर लुभाने को लेकर भ्रमण करने पर पाबंदी रहेगी।किसी भी गांव, कस्वा,बाजार चौक चौराहों पर ग्रामीणों व वोटरों के साथ नगद राशि या उपहार की लेन-देन नहीं करने की बात कही गई।आचार संहिता की सभी नियमों अक्षर अंश पालन करना है,यह हम सभी का दायित्व है। मौके पर जनप्रतिनिधियों में जेम्स किस्कू,सफीक अंसारी,नसीम अख्तर,सरीफ अंसारी, तांती,बरहुददीन अंसारी, बाबूलाल मरांडी,ढेना हेंम्ब्रम, मनोज किस्कू सहित कई अन्य उपस्थित थे।

लोटस टेम्पल में भव्य रूप से की गई लक्खी पूजा

हिरणपुर (पाकुड)। बुधवार शाम को सुंदरपुर स्थित लोटस टेम्पल में देवी लक्खी की पूजा अर्चना हर्षोल्लास के साथ कि गई। देवी लक्खी की पूजा अर्चना इस मंदिर में बीते 72 वर्षो से की जा रही है। बीते 24 वर्ष पूर्व पूजा समिति द्वारा इस मंदिर की भव्य रूप से लोटस टेम्पस की आकार देकर निर्माण की गई थी। इसमें जयपुर राजस्थान से शिला की प्रतिमा लाकर प्रतिष्ठित किया गया गया था। पूजा को लेकर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जहां पुजारी उज्ज्वल चक्रवर्ती सहित अन्य चार पुजारियों द्वारा विधिविधान से मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई व प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा कमिटी के दिगम्बर साहा , जयकिशन भगत आदि ने बताया कि आगामी गुरुवार शाम मंदिर प्रांगण में भजन संध्या की कार्यक्रम रखी गई है। जिसमे रामपुरहाट बंगाल व पाकुड के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की जाएगी।

डिस्पैच सेंटर व रिसिविंग सेंटर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

पाकुड़। विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर डिस्पैच व रिसिविंग सेंटर के रूप में चिन्हित बाजार समिति पाकुड़ का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर विभिन्न हाल को विधानसभावार चिन्हित किया गया । विधानसभावार कर्मियों के प्रवेश - निकासी, विधानसभावार वाहन पड़ाव आदि के स्टाल को लेकर क्षेत्र का भी निर्धारण किया। उपयुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को पूरे बाजार समिति को व्यवस्थित नामांकन के साथ तैयार करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुंबई की महिला से किया था 12 लाख 77 हजार की ठगी, साइबर पुलिस ने दो को दबोचा, एक फरार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता
जामताड़ा सं। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए जामताड़ा साइबर पुलिस ने दो शातिर साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया जबकि एक फरार है। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान के नेतृत्व में पु0नि0 जयन्त तिर्की एवं अन्य पुलिसकर्मी को शामिल करते हुए नारायणपुर थानान्तर्गत ग्राम खरकोकुण्डी एवं दक्षिणीडीह में साईबर अपराधियों के विरूद्ध छापामारी कर साईबर अपराध कारित करते हुए साईबर अपराधकर्मी सुनील रजक, उम्र 28 वर्ष, शहाबुद्दीन अंसारी, उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। बताया कि विवेक कुमार सिंह नामक एक साइबर अपराधी जो इन्हीं का साथी है वह फरार है। 13 मोबाईल, 16फर्जी सिम, 2 ए0टी0एम0 कार्ड, एक पैन

कार्ड, एक आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड और नगद ? 45 हजार व एक मोटरसाईकिल के साथ पकड़ा गया। इस संबंध में इनके विरूद्ध जामताड़ा साईबर अपराध थाना में मामला दर्ज कर इन्हें जेल भेजा जा रहा है बताया कि इनके अपराध शैली में मुख्य रूप से विभिन्न बैंकों का अधिकारी बनकर क्रेडिट हुआ डेबिट कार्ड बंद होने की बात बताकर एवं लोगों को झांसा में लेकर उनके मोबाईल में स्क्रिन शेयरिंग एप डाउनलोड करवाकर सभी तरह का गोपनीय जानकारी प्राप्त कर साईबर ठगी करना। उल्लेखनीय है कि फिरार प्राथमिकी अभियुक्त विवेक कुमार सिंह तथा शहाबुद्दीन अंसारी ने मिलकर मुम्बई के खारघर थाना क्षेत्र निवासी पिड़ीता रिता सिन्हा से ? 12 लाख77 हजार का ठगी किये है। इस थाने में दर्ज प्राथमिकी में यह दोनों ही अपराधी वांछित हैं।

देश के रेलवे नेटवर्क में क्यों होते है सिग्नल फेल

देश का रेलवे बुनियादी ढांचा विशालतम होने के साथ बेहद पुराना है। इसके पुराने होने की वजह से भी विभिन्न कमियों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा मंडराता रहता है। हाल ही में सिग्नल की विफलता के कारण मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस चेन्नई के पास एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे मजबूत सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा। दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक होने के बावजूद, इस तरह की घटनाएं आधुनिकीकरण की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। दरअसल, भारतीय रेलवे के एक लाख किलोमीटर से अधिक फैले देशव्यापी ट्रैक नेटवर्क के जरिये प्रतिदिन करीब ढाई करोड़ यात्री अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते हैं। साल 2019-20 की एक सरकारी रेलवे सुरक्षा रिपोर्ट में पाया गया है कि 70 फीसदी रेलवे दुर्घटनाओं के लिए उनका पटरी से उतरना जिम्मेदार रहा। इसके बाद ट्रेन में आग लगने और टक्कर लगने के मामले आते हैं, जो कुल दुर्घटनाओं में क्रमशः 14 और आठ फीसदी के लिए जिम्मेदार हैं। इस रिपोर्ट में साल 2019-20 के दौरान 33 यात्री ट्रेनों और सात मालगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं गिनाई गईं। इनमें से 17 दुर्घटनाएं में ट्रैक में खराबी के कारण हुईं। नौ हादसे ट्रेनों, इंजन, कोच, वैगन में खराबी के कारण हुए।

ट्रेनों का पटरी से उतरना रेलवे के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। एक ट्रेन कई कारणों से पटरी से उतर सकती है। ट्रैक का रखरखाव खराब हो सकता है, कोच खराब हो सकते हैं और गाड़ी चलाने में गलती हो सकती है। ट्रेन हादसों को रोकने के लिए ट्रेन की पटरियों का मरम्मत कार्य होते रहना बहुत जरूरी है। धातु से बनी रेलवे पटरियां गर्मी के महीनों में फैलती हैं और सर्दियों में तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सिकुड़ती है। ऐसे में इनके नियमित रखरखाव की जरूरत होती है। जरा-सी लापरवाही बड़े हादसे की वजह बन सकती है। ढीले ट्रैक को कसना, स्लीपर बदलना और अन्य चीजों के अलावा, चिकनाई और समायोजन स्विच। इस तरह का ट्रैक निरीक्षण पैदल, ट्रॉली, लोकोमोटिव और अन्य वाहनों द्वारा किया जाता है।कई वर्ग अभी भी मैन्युअल सिग्नलिंग पर भरोसा करते हैं, जिससे मानवीय त्रुटि का खतरा बढ़ जाता है, जो दुर्घटनाओं का एक महत्वपूर्ण कारक है। 2024 मैसूर-दरभंगा टक्कर सिग्नलिंग विफलता के कारण हुई। ट्रेन को गलत ट्रैक पर ले जाया गया। 2017 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना का कारण ट्रैक की खराब स्थिति को बताया गया था। अत्यधिक काम करने वाले कर्मचारी, विशेष रूप से लोकोमोटिव पायलट, अक्सर तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं, जिससे त्रुटियां होती हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 2021 की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी सीधे सुरक्षा को प्रभावित करती है। कई भारतीय रेलगाड़ियां पुराने कोचों का उपयोग करती हैं, जिनमें क्रैशवर्थी डिजाइन जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं का अभाव होता है। 2023 की ओडिशा दुर्घटना में पुराने आईसीएफ कोच शामिल थे, जो आधुनिक एलएचबी कोचों की तुलना में कम प्रभाव-प्रतिरोधी थे। मजबूत आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की कमी भी दुर्घटना होने पर क्षति को बढ़ा देती है। 2023 की बालासोर दुर्घटना में मलबा हटाने में छह घंटे से अधिक का समय लगा, जिससे बचाव कार्यों में देरी हुई।

इन कमियों को दूर करने में %कवच% प्रणाली की भूमिका बहुत ही अहम है, कवच प्रणाली लाल सिग्नल पार करने पर ट्रेनों को स्वचालित रूप से रोक देती है, जिससे खतरनाक टकराव को रोका जा सकता है। रेल मंत्रालय ने दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा मार्गों पर कवच लागू किया है। इसके बाद रेल हादसों में कमी आई। कवच यह पता लगाता है कि दो ट्रेनें एक ही ट्रैक पर हैं और टक्कर को रोकने के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगता है। दक्षिण-मध्य रेलवे नेटवर्क पर कवच सुनिश्चित करता है कि ट्रेनें गति सीमा से अधिक न चलें।कवच लोकोमोटिव पायलटों पर कार्यभार कम करता है, मानवीय त्रुटियों को कम करता है। परीक्षणों से पता चला है कि कवच-संरक्षित ट्रेनों का उपयोग करने वाले पायलटों के बीच थकान सम्बंधी त्रुटियों में 50 फीसद की कमी आई है। कवच का एकीकरण कई बुनियादी ढांचे की चुनौतियों का समाधान करते हुए अधिक डिजिटलीकृत और स्वचालित रेलवे प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देता है। राष्ट्रीय रेल योजना 2030 में कवच को 34,000 किलोमीटर के उच्च-घनत्व वाले मार्गों पर विस्तारित करने की परिकल्पना है। 2024 के रेल बजट में 1, 112.57 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसी में से प्रमुख रेलवे गलियारों में कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली का विस्तार होना है। कवच के कार्यान्वयन के बाद बेंगलुरु-चेन्नई मार्ग पर आपातकालीन प्रतिक्रिया समय कम हो गया है। कवच प्रणाली सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए एक परिवर्तनकारी समाधान प्रदान करती है। सिग्नलिंग प्रणालियों को आधुनिक बनाकर, टकरावों को रोककर और ट्रेन परिचालन में सुधार करके, कवच उन कई कमियों को दूर कर सकता है जो दुर्घटनाओं में योगदान करती हैं। भारत में सुरक्षित रेलयात्रा सुनिश्चित करने के लिए इसके कार्यान्वयन को पूरे नेटवर्क में विस्तारित करना महत्वपूर्ण है।

संयुक्त अरब अमीरात में पाकिस्तानियों की नो एंट्री

आचार्य विष्णु श्रीहरि

संयुक्त अरब अमीरात में पाकिस्तान मुसलमानों का वीजा नहीं मिलने पर पाकिस्तान राजदूत फैसल नियाज का विचार जान कर आप हैरान हो सकते हैं। फैसल नियाज का कहना है कि संयुक्त अरब अमीरात ही नहीं बल्कि पूरा अरब जगत में पाकिस्तानी मुसलमानों को लेकर धारणा बहुत ही विस्फोटक और नकारात्मक है तथा घृणा स्पद है, लेकिन इसके लिए अरब महादेश के मुस्लिम देश जिम्मेदार नहीं है बल्कि पाकिस्तान के मुसलमान ही जिम्मेदार है, गुनहगार हैं। कहने का अर्थ यह है कि पाकिस्तान के राजदूत ने अपने देश के नागरिकों के खिलाफ खड़े हैं और अपने देश के नागरिकों को ही अपराधी और गुनहगार घोषित कर रहे हैं। ऐसी कूटनीतिक स्थिति बहुत कम देखी जाती है। माना जाता है कि राजदूत अपने देश का प्रतिनिधि होता है उसका कर्तव्य विदेश में अपने देश के नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करना और उनके सामने आने वाली कठिनाइयों को दूर करना होता है। क्या पाकिस्तान के राजदूत ने अपने कर्तव्य का पालन करने में कोई कोताही बरती है या फिर सच बोला है? क्या सच बोलकर भी पाकिस्तानी राजदूत अपने देश के नागरिकों को सभ्य बना सकते हैं, उन्हें विदेश में संबंधित देशों के कानूनों और सभ्यताओं का सम्मान करना सिखा सकते हैं, उन्हें स्थानीय राजनीति से दूर रहने की सीख देने में कामयाब हो सकते हैं? उन्हें मजहबी प्रसंगों पर खामोश होने के लिए प्रेरित कर सकते हैं?

पाकिस्तानी राजदूत ने जो कारण बतायें हैं उनमें भीख मांगने का अपराध मुख्य रूप से शामिल है। पाकिस्तानी मुसलमान भीख मांगने के ख्याल से यूएई सहित अन्य अरब के मुस्लिम देशों में जाते हैं। इस कारण अरब देशों की सड़कों पर भीख मांगने वालों की संख्या बढ रही है। इतना ही नहीं बल्कि भीख मांगने के लिए पाकिस्तानी मुसलमान आवासीय कालोनियों को भी निशाना बनाते हैं। पाकिस्तानी मुसलमान लूट-पाट और डकैती में शामिल होते हैं। इस कारण अरब देशों में कानून व्यवस्था की समस्या खडी हो गयी है, पुलिस को अतिरिक्त प्रभाव और शक्ति का प्रयोग करना पड़ रहा है। जेलों में अधिकतर पाकिस्तानी नागरिकों के बंद होने से भी घृणास्पद समस्याएं खडी हुई हैं। जेलों पर कैदियों का भार बढ रहा है, अतिरिक्त जेलों की आवश्यकता महसूस हो रही है, इसके अलावा जेलों पर खर्च होने वाली राशि की बढ़ोतरी हो रही है,न्याय व्यवस्था को अतिरिक्त सक्रियता दिखानी पड़ रही है। मजहबी प्रसंग पर भी पाकिस्तानी मुसलमानों की सक्रियता अधिक होती है, यह कहना सही होगा कि पाकिस्तानी मुसलमान अरब जाकर वहां के मजहबी प्रसंग पर हस्तक्षेप करते हैं और इनका इस्लाम अच्छा है और उनका इस्लाम गलत है, की धारणा प्रत्यारोपित करते हैं जबकि अरब के अधिकतर देशों में मजहबी मामालों में हस्तक्षेप करने का अधिकार बहुत ही सीमित है। सबसे बड़ी बात यह है कि अरब देशों में राजनीति की छूट नहीं है, अधिकतर अरब देशों में तानाशाही है और तानाशाही यह स्वीकार नहीं करती है कि उसे कोई चुनौती दे और उसकी जनता को कोई विदेशी बगावत करने या फिर विरोध करने के लिए लडकारे, प्रेरित करे।

यूएई ने वीजा के लिए ऐसे मानक तय कर दिये हैं कि पाकिस्तानी मुसलमान उसको पूरा करने में असमर्थ होते हैं। पाकिस्तानी राजदूत फैसल नियाज के अनुसार पर्यटक वीजा पर आने वाले पाकिस्तानी मुसलमानो को वापसी का टिकट साथ लाना होगा, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि जिस हवाई जहाज से आये हैं, वापसी भी उसी जहाज से करनी होगी, पर्यटक वीजा पर आने वालों को कहां ठहरेंगे, उस होटल का नाम और उसमें कमरे की बुकिंग रसीद देनी होगी, ट्रैवल की पूरी जानकारी देनी होगी, दुर्घटना आदि के लिए बीमा कवर का होना जरूरी है, अपराध और अन्य अस्वीकार कार्य करने की करतूत और इतिहास की पूरी जानकारी देनी होगी। इसके साथ ही साथ बैंक बाइलेंस की जानकारी देनी होगी। ये सभी शर्ते बहुत ही कठिन हैं और पाकिस्तानी मुसलमानों के लिए एक बुलडोजर के समान हैं। वे बुलडोजर के समान शर्तो को पूरा कर ही नहीं पा रहे हैं। पाकिस्तानी मुसलमान तो रोजगार के तलाश में ही अरब देशों में जाते हैं फिर इनके पास इतना धन कहां होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि गरीबी और बेकारी की समस्या से जूझ रहे पाकिस्तान के नागरिकों के लिए प्रशिक्षित कामगार का सर्टिफिकेट का न होना भी एक समस्या है, पाकिस्तान के शैक्षणिक और रोजगार संस्थानों के सर्टिफिकेट चाकचौबंद नहीं होते हैं, सिर्फ कागजी होते हैं, अनुभव और दक्षता का भी अभाव होते हैं।

पाकिस्तानी मुसलमानों की इच्छा भी जान लीजिये। पाकिस्तानी मुसलमान कहते हैं कि यूएई ही नहीं अरब के मुस्लिम देश उनके साथ अन्याय कर रहे हैं, भाई चारे के सिद्धांत का वध कर रहे हैं, इस्लाम के दायित्वों से पीछे हट रहे हैं, मुस्लिम देश का कर्तव्य सभी मुसलमानों को साथ लेकर चलना होता है और सभी मुसलमानों की भलाई करना होता है। क्षेत्र और भूभाग के नाम पर आप अन्याय नहीं कर सकते हैं और न ही भेदभाव कर सकते हैं। पाकिस्तानी मुसलमानों का यह भी कहना है कि हमें तो प्रतिबंधित किया जा रहा है पर भारतीय लोगों के साथ ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा है, जैसा प्रतिबंध पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के मुसलमानों के साथ लगाया जा रहा है वैसा प्रतिबंध भारत के हिन्दुओं पर क्यों नहीं लगाया जा रहा है, भारत के हिन्दुओं का सम्मान क्यों दिया जा रहा है और उनको अरब के देश क्यों स्वागत करते हैं?

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के मुसलमानों पर जिस तरह के वीजा प्रतिबंध लगाये गये हैं उस तरह के प्रतिबंध भारत के लोगों पर नहीं लगाये हैं, भारत से आने वाले लोगों के लिए वीमा शर्त आसान है और कम जटिल है, उन्हें कई प्रकार की गारंटियों से छूट मिल रही है। अब यहां यह प्रश्न उठता है कि भारतीयों को अरब में पाकिस्तानी मुसलमानों की अपेक्षा इतनी छूट क्यों मिल रही है, इतनी कृपा क्यों बरस रही है जिससे पाकिस्तानी मुसलमानों को परेशानी है? वास्तव में भारतीय हिन्दू अरब देशों में काम की खोज में जाते हैं, अरब की जरूरतों का सहचर बनते हैं, उनके विकास में सहयोग करते हैं लेकिन भारतीय हिन्दू अपने निर्धारित काम और दायित्व पर ध्यान लगाते हैं, उन्हें अरब देशों की आतंरिक राजनीति से कोई लेना-देना नहीं होता है और न ही आतंरिक राजनीति में हस्तक्षेप कारी कोई रूचि दिखाते हैं, उन्हें रूचि दिखाने का दुष्परिणाम मालूम हैं, क्योंकि वे सचेत और सजग होते हैं। इसके साथ ही साथ भारतीय कामगर सिर्फ अप्रशिक्षित ही नहीं होते हैं बल्कि प्रशिक्षित भी होते हैं, इसलिए अरब देशों की प्रशिक्षित कामगरों और प्राफेशनरों की आवश्यकता की पूर्ति हो जाती है।

कोई भी देश अपने खिलाफ भस्मासुर क्यों पालेगा, हिंसक और आतंक के पर्याय लोगों को रोजगार देकर क्यों परेशानी खड़ी करेगा? यही बात अरब के मुस्लिम देश समझ चुके हैं। उन्हें यह समझदारी विकसित हो चुकी है कि इस्लाम के नाम पर आतंक और हिंसा का संरक्षण देने से उनका भला होने वाला नहीं है, सिर्फ और सिर्फ परेशानी खड़ी होती है और खुद की अर्थव्यवस्था का संहार होता है। इसका उदाहरण कोई और नहीं बल्कि पाकिस्तान ही है। पाकिस्तान में आतंक की खेती होती है, आतंक की आउटसोर्सिंग होती है। वहां पर डॉक्टर इंजीयिर और वैज्ञानिक बनने का सपना नहीं देखा जाता है बल्कि आतंकी सरगना बनने का सपना देखा जाता है। क्योकि आतंकी बनने से शोहरत के साथ ही साथ धन की वर्षा होती है, राजनीति भी उनके सामने समर्पणकारी होती है। कहने का अर्थ है कि आतंकी के सामने सभी कोई शक्ति ही नहीं रखते हैं। पाकिस्तान आज कटोरा लेकर भीख मांग रहा है। पाकिस्तान का यह हस्त्र अरब देश जान गये हैं और समझ गये। अरब देश अपने को पाकिस्तान नहीं बनने देना चाहते हैं। इसी कारण अरब देशों ने पाकिस्तानियों के खिलाफ नो एंट्री का बोर्ड लगा दिया है।

भारत को भी पाकिस्तानियों के इस हस्त्र से सावधान रहना होगा, सर्तक रहना होगा। आखिर क्यों? मजदूर वर्ग के लोग तो अरब देशों की आतंरिक और मजहबी मामलों में हस्तक्षेप तो करते नहीं पर प्रोफेशनरों ने जरूर समस्या खडी कर रखी है। पढे-लिखे और प्रशिक्षित भारतीय मुसलमान जो अरब देशों में कार्यरत हैं वे भी पाकिस्तानी मुसलमानों की डगर पर चल रहे हैं। खासकर अपने देश और अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ ही अभियान चलाते हैं और सोशल मीडिया पर स्थापित करते हैं कि भारत और मोदी मुस्लिम विरोधी हैं, इसलिए अरब देशों को भारत से मधुर संबंध नहीं रखना चाहिए और अरब में हिन्दुओं को प्रवेश और रोजगार नहीं देना चाहिए। भारत को ऐसी मुस्लिम मानसिकताओं पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी होगी। अन्यथा भारत को पाकिस्तान की तरह ही अरब देशों में अपमानित होना पडेगा और घृणा का शिकार होना पडेगा।

साइबर ठगी का बढ़ता दायरा, सज्जनों पर संकट

विजय कुमार जैन

आधुनिक संचार क्रांति के युग में मोबाइल एवं इंटरनेट जितने लाभदायक हैं उससे ज्यादा हानिकारक भी हैं। मोबाइल एवं इंटरनेट के माध्यम से भारत ही नहीं दुनिया में आए दिन साइबर ठगी की घटनाएं सुनने में आ रही है साइबर अपराध करने वालों की गैंग जानबूझकर ऐसे समय संबंधित को निशाना बनाते हैं जब वह विचार ही नहीं कर पाता और उनके द्वारा जितनी राशि की मांग की जाती है तत्काल उनके खाते में डाल देते हैं। इसके बाद पछतावा ही हाथ रहता है। मैं साइबर ठगी की कुछ घटनाओं का यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा गुना जिले में श्री द्वारका प्रसाद शर्मा महिला बाल विकास विभाग में लिपिक हैं, इनको अपरिचित मोबाइल से फोन आया और मोबाइल नंबर का केवाईसी करने की बात कही ओटीपी पूछा और बैंक खाते से ?16000 निकल लिये ।श्री बलवीर सिंह गुर्जर निवासी साडा कॉलोनी राघौगढ़ सेवानिवृत्त गुना तहसीलदार रीडर इनके पंजाब नेशनल बैंक शाखा साडा कॉलोनी राघौगढ़ के खाते में किसी ने ?1 जमा किया उन्होंने जैसे ही मोबाइल खोलकर बैंक अकाउंट देखा उनके बैंक खाते से पहली बार रुपए 9970, दूसरे बार 9999 कट गए। उन्होंने तत्काल बैंक शाखा में जाकर अपना खाता ब्लॉक कराया। रुठियाई तहसील राघौगढ़ निवासी रविंद्र सिंह परिहार के पास फोन आया और बताया कि आपका बेटा पुलिस थाने में बैठा है उन्होंने कहा कि मेरा बेटा तो नौकरी पर है उधर से कहा आपका बेटा एक लड़की के साथ होटल में अनैतिक कार्य करते हुए पकड़ा गया है। अपने बेटे को बचाना है तो तत्काल तीन लाख रुपए खाते में डालो। उन्होंने अपनी पत्नी से कहा बेटे को फोन लगाओ। उन्होंने बेटे से पूछा कहां हो बेटे कहा कि मैं तो ऑफिस में हूं फिर उन्होंने जिनका फोन आया था बेटा का फोन कनेक्ट कर बात करवायी।बेटे ने उनसे भला बुरा कहा तब फोन काट दिया।एक सेवानिवृत अधिकारी जिनकी लड़की इंदौर में पढ़ती है घटना चार माह पुरानी है उनके पास फोन आया आपकी बेटी थाने में बैठी है अनैतिक स्थिति में होटल में पकड़ी है उन्होंने दूसरे नंबर से बेटी को फोन लगाया बेटी कॉलेज में थी फोन बंद था इस कारण बात नहीं हो सकी। जिनका फोन आया था उन्होंने कहा अपनी बेटी को बचाना चाहते हो तो तत्काल ?6 लाख रुपए खाते में डालो घबराहट में उन्होंने तीन लाख रुपये खाते में भेज दिये ।फिर लड़की का फोन आया कि पापा जी फोन क्यों किया। तब उन्होंने सारी घटना बतायी। उनके साथ साइबर ठगी हो गई ।मैं स्वयं भी साइबर ठगी से होते-होते बचा फोन आया मेरे से कहा कि आपके मोबाइल नंबर की केवाईसी होना है मैंने उनसे कहा मेरा नंबर तो एयरटेल का है अब बी एस एन एल में केवाईसी क्यों हो रही है तो उधर से जवाब आया आपकी सिम पुरानी है पहले बी एस एन एल की थी ।इसलिए आपको 24 घंटे के अंदर केवाईसी करना आवश्यक है अन्यथा सिम बंद हो जाएगी ।मैंने उनसे पूछा कि मुझे क्या करना है उन्होंने कहा कि हम आपको एक प्रोफार्मा भेज रहे हैं उसमें हम जो जानकारी पूछे उनका आप मोबाइल चालू रखकर हमें जवाब देते जाएं। मैंने उनके कुछ प्रश्नों के उत्तर दिए थोड़ी देर बाद मेरी पौत्री 14 वर्षीय तन्वी जैन मेरे पास आई और बोली दादाजी मुझे ऐसा लग रहा है आप साइबर ठगी के शिकार होने वाले हैं। आप तत्काल इस नंबर को काट दें और इस नंबर को ब्लॉक कर दें। इस प्रकार में साइबर ठगी से बच पाया । साइबर ठगी की ही यह घटना मेरे मित्र श्री राघवेंद्र सिंह परिहार सेवानिवृत्ति कृषि अधिकारी राघौगढ़ ने मुझे बताया मैं ऑनलाइन दवाइयां मंगाता था। उनके लिए अपरिचित नंबर से फोन आया और कहा कि आप जिस कंपनी से दवाइयां ऑनलाइन मांगते हैं उस कंपनी ने ड्रा निकाला है ड्रा में आपके नाम कार निकली है आपको बधाईयां।परिहार जी ने उनसे पूछा मुझे क्या करना है उन्होंने कहा कार तो हम आपके लिए कोलकाता में डिलीवरी दे देंगे या फिर आप कहेंगे तो आपके निवास पर पहुंचा देंगे। आपको मात्र इतना करना है आप रजिस्ट्रेशन के पैसे हमारे खाते में डाल दो ।उन्होंने कहा मेरा भतीजा कोलकाता में ही सर्विस में है वह आपसे मिलेगा कहां मिलना है पता आप मुझे भेजिए दूसरी ओर से पता नहीं आया और वह साइबर ठगी से बच गये। पिछले माह एसिया के बड़े उद्योग पति ओसवाल ग्रुप लुधियाना के मालिक की भारत की संभवतः अभी तक की सबसे बड़ी सायवर ठगी हुई। यह ठगी साढ़े सात करोड़ रुपये की थी। इस सायवर ठगी का समाचार देश के अनेक समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ। वर्तमान में साइबर ठगी की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है आम भोले भाले नागरिक उनके जाल में फंसकर अपना नुकसान कर रहे हैं। मोबाइल एवं इंटरनेट का उपयोग करते समय हर व्यक्ति की जागरूकता आवश्यक है के वाई सी के झांसे में ना आए ओटीपी ना भेजें। (लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं)

पाकुड़ की खबरें

आग से जलकर महिला की मौत

संवाददाता

पाकुड़। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नरोत्तमपुर पंचायत के जुगीगढ़िया गांव में एक विवाहित महिला की जल कर मौत हो जाने की मामला प्रकाश में आया है । आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कर शव को आग लगा दी गई है और चेहरे को जलने का प्रयास किया गया है। घटना की जानकारी होते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी संजीव कुमार झा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतका के परिजनों से आवश्यक वार्तालाप की। थाना प्रभारी ने घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को सूचना दी है। मालूम हो कि जुगीगढ़िया गांव की 22 वर्षीय कुलशन बीबी की हत्या बीते देर रात हत्या कर चेहरे को बुरी तरह से जला दी है। ताकि उसकी पहचान नहीं की जा सके। बुधवार सुबह जब घर से धुआं निकलते देखा तो कुलशन के पिता शमशाद शेख ने परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी। जब घर जाकर देखा तो पुत्री को जला हुआ पाया। मृतका के पिता ने बेटी की हत्या का आरोप अपने दामाद पर लगाते हुए ।कहा कि उनकी बेटी की शादी दो वर्ष पहले हजरत शेख के साथ हुई थी। दो माह पूर्व भी उसकी बेटी के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया था। इसके बाद से वो मायके में ही रह रही थी ताकि उसका इलाज करा सके।पिता शमशाद ने

बताया कि बीते दिन कुलशन अपने पति के पास इलाज के पैसे मांगने गयी थी।इस दौरान दामाद ने कहा पैसा मांगने आई हो तुम्हारा चेहरा बिगाड़ देंगे। जिसके बाद रात में उसकी बेटी का शव मिला, ।जिसमें उसका चेहरा जला हुआ पाया गया। घटना को लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी संजीव कुमार झा ने बताया कि मृतका के शरीर का कुछ भाग जला हुआ पाया गया है इसकी बारीकी से जांच होगी।फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के पिता ने अपने दामाद पर हत्या का आरोप लगाया है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

आचार संहिता को लेकर बीडीओ ने राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर को हटाया

संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड)। बीते मंगलवार अपरान्ह चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद स्थानीय प्रशासन हरकत में आ गई। बुधवार को बीडीओ टुडु दिलीप ने प्रखंड के सभी चौक चौराहे , बाजार आदि जगहों में लगे राजनैतिक दलों के झंडे , बैनर , पोस्टर आदि को हटाया। बीडीओ सुबह से ही हिरणपुर बाजार क्षेत्र अंतर्गत जबरदहा , सुंदरपुर , कमलघाटी , हाथकाठी आदि जगहों में सड़क किनारे लगे सभी राजनैतिक दलों के सामग्रियों को हटाया। इसके बाद रानीपुर , गोपालपुर , डांगापाड़ा , दराजमाथ , मोहनपुर , तोड़ाई आदि जगहों में जाकर सड़क किनारे लगे राजनैतिक दलों के बैनर , झंडे को हटाया गया। बीडीओ ने बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। इसलिए सरकारी जमीन पर लगे सभी राजनैतिक दलों के बैनर पोस्टर को हटाया गया। चुनाव के दौरान घरों में अनुमति के साथ लगाने की नियम है। बहरहाल आचार संहिता को लेकर यह कार्रवाई की जाएगी।

किसको मिलेगा टिकट, कौन जाएगा खाली और किसका होगा मन में खट्टास

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़।चुनाव की तारीख की घोषणा होते ही पार्टियों के अंदर बाहर खलबली है। वहीं नेताओं के धड़कनें बढ़ गई है। टिकट को लेकर मंथन चल रहा है। जबकि नामांकन की तिथि एवं नामांकन वापस लेने तथा झारखंड में दो चरणों में चुनाव की घोषणा हो गई है। मुख्य पार्टियों के कई कई नेता अपनी चुनावी क्षेत्र में महीनो से दिन रात एक किए हुए हैं। वह प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर रहे हैं ।अपनी-अपनी पार्टी की दम भर रहे हैं। एक दूसरे पार्टी की आलोचना कर रहे हैं।अपनी पार्टी की बहबाही ले रहे हैं। जनता के बीच लोक लुभावना वादे कर रहे हैं। कहते हैं

अगर अबकी बार हमारी सरकार आई तो हर हाथ को कम होगा और हर घर को तोहफा मिलेगा। अब कौन कितना क्या करेगा और किसकी सरकार बनेगी, किसकी होगी हर और किसकी होगी जीत ।कौन पहनेगा माला और कौन होगा खारिज यह तो वक्त ही बताएगा । किंतु फिलहाल नेताओं की धड़कन तेज है । अभी तक पूरी तरह से टिकट को लेकर घोषणा नहीं की गई है। उम्मीद पर दुनिया कायम है और इस उम्मीद के साथ सारे नेताजी जी तोड़ कर प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं ।उनके दुख दर्द सुन रहे हैं ।पूरी ईमानदारी से क्षेत्र में दौरा कर रहे हैं ।इसमें कहीं दो राय नहीं है।

जिनको टिकट नहीं मिलेगी होंगे मायूस*

सबसे दिलचस्प बात यह होगी जिन्हें टिकट मिलेगी उनका तो बल्ले बल्ले और जिन्होंने पूरी उम्मीद और ईमानदारी के साथ मेहनत कर रहे हैं और यदि उनका टिकट नहीं मिलती है तो फिर उसकी प्रतिक्रिया क्या होगी ?!अब यह भाग्यशाली कौन है कुछ ही दिनों बाद सब कुछ आईना की तरह क्लियर हो जाएगा। तब एक और जहां मांयुषी होगी तो भाग्यशाली नेता की खुशी दुगनी होगी।

समाजसेवी पार्टी भी कर रहे हैं लगातार दौरा

2024 के विधानसभा चुनाव में कई समाजसेवी चुनाव मैदान में है और वह लगातार क्षेत्र में भ्रमण हो कर रहे हैं ।और जनता से एक बार सेवा देने का मौका मांग रहे हैं। 2024 की विधानसभा चुनाव में समाजसेवी की भी अहम भूमिका होने की पूरी उम्मीद है।

समाजसेवी संगठन की बैठक में भीड़

पाकुड़। विधानसभा चुनाव की तिथि तय हो चुकी है। चुनाव के मद्दे नजर झारखंड समाजसेवी संगठन के तत्वावधान में गांधी चौक स्थित प्रखंड कार्यालय में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में युवा नेता अफीफ अमसल सभी जॉन प्रभारी, पंचायत प्रभारी, और पंचायत अध्यक्षों पहुंच कर पूर्व विधायक अखिल अख्तर को जिताने की संकल्प ली। एफीफ असलम ने बैठक की उपस्थिति देखते हुए कहां जा सकता है की पूर्व विधायक अकिल अख्तर की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव तक डटकर मुकाबला करने के लिए प्रेरित व जनसंपर्क अभियान चलाने का सुझाव दिया ।मौके पर रफीक अहमद, मनीष राज चौबे, अहमादुल्लाह, अब्दुल रशीद मूसा, मंजूर आलम, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सादाकाश अली, कमरुज्जमल, कमरुद्दीन, समीर शेख, मौलाना खैरुल हक, बादशाह शेख, प्रिंस साहब सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

शरद पूर्णिमा के अवसर पर सफ़ाहोड़ समाज के लोगों ने नदी में लगायी डुबकी

हिरणपुर (पाकुड़) शरद पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को रानीपुर परगना नदी में दर्जनों सफ़ाहोड़ धर्मालंबियों ने डुबकी लगाया।इस दौरान काफी संख्या में आसपास के गुरूबाबा एवं गुरुगोगो नदी में डुबकी लगाकर भगवान शिव की उपासना की जहां जनजाति सुरक्षा मंच पाकुड़ द्वारा गुरूबाबा एवं गुरुगोगो को सम्मान किया गया। मौके पर जनजाति सुरक्षा मंच के जिला संयोजक शिवठाकुर किस्कू, सह संयोजक योगेन्द्रनाथ टुडू, जिला श्रद्धा प्रमुख सनातन सोरेन, गिरी वनवासी कल्याण आश्रम के जिला संगठन मंत्री बुधन हेम्ब्रम आदि मौजूद थे।

अबुआ आवास योजना में अनियमितताएं, जांच की मांग को लेकर ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा आवेदन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। सदर प्रखंड के मनिरामपुर पंचायत में अबुआ आवास योजना के तहत अयोग्य लाभुकों को आवास प्रदान करने और योग्य लाभुकों को दरकिनार करने के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में एक आवेदन पत्र 15 अक्टूबर 2024 को उपायुक्त महोदय, पाकुड़ को भेजा गया है। आवेदन पत्र में आरोप लगाया गया है कि पंचायत के मुखिया मजिबुर रहमान, पंचायत सचिव सुभाष कुमार साहा और रोजगार सेवक ने मिलीभगत कर अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाया है। इन अयोग्य लाभुकों में वे लोग शामिल हैं जिन्होंने पहले से ही अन्य आवासीय योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है या जिनके पास पहले से पक्का मकान है। इसके विपरीत, कई योग्य और जरूरतमंद लाभुकों को इस योजना से वंचित कर दिया गया है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि सूची में हेरफेर कर अयोग्य लोगों के नाम आगे कर दिए गए हैं, जिससे वे पहले अबुआ आवास प्राप्त कर सकें। इस असंवैधानिक कार्य के कारण गरीबों के लिए चलाए जा रहे इस महत्त्वाकांक्षी कल्याणकारी योजना का उद्देश्य विफल हो रहा है। आवेदनकर्ता ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चस्तरीय जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की है, ताकि योग्य लाभुकों को उनका हक मिल सके और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। आवेदन के साथ संलग्न सूची में 50 लाभुकों के नाम शामिल हैं, जिनमें से कई अयोग्य पाए गए हैं। इस सूची में हेरफेर कर अयोग्य लोगों को लाभ दिलाने का आरोप लगाया गया है। इसके अतिरिक्त, अन्य दस्तावेज़ों में लाभुकों के नाम और विवरण शामिल हैं, जो इस अनियमितता को और स्पष्ट करते हैं।

बर्तन दुकान में हुई चोरी का हुआ उद्भेदन, पकड़े गए सभी आरोपी हैं नाबालिग

संवाददाता

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित एक बर्तन दुकान में बीते शनिवार की देर रात हुई चोरी के मामले में पुलिस ने मंगलवार की रात चोरी के सामान के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपी नाबालिग हैं।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभार

निष्पक्ष, भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने में सभी का सहयोग जरुरी : डीसी

● सुविधा पोर्टल के उपयोग से जुड़ी सभी जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गयी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । समाहरणालय सभागार में विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन व आदर्श आचार संहिता को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के जिला अध्यक्षों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 की तिथि से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। ऐसे मे भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन किया जाना है। साथ ही किसी प्रकार की समस्या व सुझाव हो तो अवश्य अवगत करायें, ताकि ससमय उसका निराकरण किया जा सके। इसके

अलावे बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि देवघर जिला अन्तर्गत दूसरे चरण में 13-मधुपुर, 14-सारठ एवं 15-देवघर विधानसभा क्षेत्र में मतदान की तारीख सुनिश्चित है। साथ ही देवघर जिला में कुल 1245 पोलिंग बूथ हैं, जिसके तहत सारठ विधानसभा अन्तर्गत 376, मधुपुर विधानसभा अन्तर्गत 409 एवं देवघर विधानसभा अन्तर्गत 460 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। ऐसे में आचार संहिता लागू होने के पश्चात दिनांक-22.10.2024 को गैजेट नोटिफिकेशन की तारीख तय की गयी, नामांकण की तिथि दिनांक-29.10.2024 निर्धारित की गयी है, स्क्रूटनी ऑफ नोमिनेशन की तिथि 30.10.2024, नाम वापसी की अंतिम तिथि 01.11.2024 तय गयी है, मतदान की तिथि-20.11.2024 निर्धारित की गयी है। इसके अलावा मतगणना की तारीख 23.11.2024 चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति की तिथि 25.11.2024 निर्धारित है। आगे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि आयोग के निदेशानुसार घोषणा लगते ही, पब्लिक प्रॉपर्टी, प्राइवेट प्रॉपर्टी) आदि का अनुपालन के क्रम में सभी प्रकार के सरकारी सम्पति/भवन से 24 घंटे के अंदर, पब्लिक जगह 48 घंटे के अंदर तथा सभी निजी संपति भवन एवं अन्य से 72 घंटे के अंदर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित पोस्टर बैनर हटाने की जानकारियों से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण अब कोई भी राजनीतिक दल किसी निजी भवन या भूमि पर पार्टी का झंडा, बैनर या सूचना बिना अनुमति के नहीं चिपका सकते हैं। सरकारी भवन, गेस्ट हाउस, सदन में भी चुनाव के दौरान किसी तरह की राजनीतिक गतिविधियों पर रोक होगी। आगे उन्होंने कहा कि वाहन,प्रचार प्रसार, जुलूस, सभा आदि के बारे में भी प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। साथ ही चुनाव के दौरान स्टार प्रचारक, राजनीतिक दलों के चुनाव खर्च की ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समय पर मिलान करने जैसे विभिन्न मुद्दों से जुड़ी जानकारी सभी राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गयी। उम्मीद्वारों के चुनाव खर्च पर कड़ी नजर रखने के लिए आय-व्यय कोषांग का गठन किया गया है। जो प्रत्याशीयों के रैली, रोड-शो, चुनाव प्रचार से संबंधित खर्च का लेखा-जोखा जिला में निर्धारित दर से उम्मीद्वार के खर्च का मिलान कर बनाया जाएगा।

40 वां सीनियर राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप के लिये खिलाड़ी रवाना

देवघर (संताल एक्सप्रेस संवाददाता) । पुदुच्चेरी ताइक्कांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन और भारतीय ताइक्कांडो महासंघ द्वारा आयोजित 40 वां सीनियर राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप 18 से 20 अक्टूबर को पांडिचेरी के राजीव गांधी इंदौर स्टेडियम में आयोजित होने वाले चैंपियनशिप में आज झारखंड ताइक्कांडो की टीम झारखंड ताइक्कांडो के वरीय सदस्य एवं रांची जिला के सचिव सैय्यद फारुक नदीम कोच के नेतृत्व में धनबाद अल्लपुज़ा एक्सप्रेस रवाना हुआ टीम में देवघर,हजारीबाग ,रांची ,धनबाद जमशेदपुर, गोड्डा, के खिलाड़ियों का चयन देवघर में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में की गई थी. खिलाड़ीयो जो झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे उनमें अविनाश नारायण सिंह,आदित्य नारायण सिंह,रोशन कुमार चौहान,उत्कर्ष सिंह,हर्षित राज,चेतन कुमार,दीपक कुमार,मनजीत सिंह,अकीब जावेद,वही महिला खिलाड़ीयो में बुधेश्वरी कुमारी,राजनंदिनी,नीरा कुमारी,अंजली केशरी शामिल है. सभी खिलाड़ियों को झारखंड ताइक्कांडो के सचिव नीरज कुमार उपाध्यक्ष मनोज कुमार कोषाध्यक्ष बमबम कुमार देव संयुक्त सचिव रबीउल हुसैन, दिलीप कुमार,राजीव रंजन,देवघर ताइक्कांडो के अध्यक्ष अनूप कुमार, संरक्षक जे सी राज ने खिलाड़ियों बधाई दी साथ ही जीत के लिए शुभकामनाएं दी गई।

स्कूली बच्चों के बीच तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

देवघर (संताल एक्सप्रेस संवाददाता) । राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह- नोडल पदाधिकारी एन0सी0डी0 कोषांग देवघर के निर्देशानुसार में बुधवार को आर0 अल0 सराफ उच्च विद्यालय, देवघर में तंबाकू निषेद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है। इस कार्यक्रम में बच्चो को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, लकवा,श्वास संबधित बीमारी के बारे में चर्चा की गयी,तथा इससे होने वाले आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे मे भी बतलाया गया।विद्यालयों के अंदर और बाहर दोनों स्थानों पर साकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए का प्रयास किया गया साथ ही साथ कोटपा 2003 अधिनियम से संबंधित प्रावधनों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमे बतलाया गया की तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कोटपा-2003 के मुख्यतः चार धाराओं के बारे में बिस्तर से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को तंबाकू दुष्परिणाम के बारे में बड़े ही रोचक तरीके से समझाया गया, साथ ही साथ बच्चों के बीच तम्बाकू निषेद पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई एवं प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे किशन कुमार, प्रिंस कुमार एवं मोनू कुमार तथा अन्य पांच छात्रो को संतावाना पुरस्कार भी एन0सी0डी0 कोषांग, देवघर द्वारा पुरष्कृत किया गया।तंबाकू नहीं खाने की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम के अंत में बच्चों को तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई।कार्यशाला में स्कूल के प्राचार्य,जुली प्रसाद, शिक्षकगण-डॉ0 विजय संकर,डॉ0राजीव कपूर,सीमा केरकेटा,अपरना झा,पूनम सिंह, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी अभिमन्यु दांगी, डाटा एंट्री ऑपरेटर अभिषेक सिन्हा, एवं अन्य शामिल थे।

इग्नू में नामांकन शुरू

देवघर संताल एक्सप्रेस । इग्नू अध्ययन केंद्र कोड -87012 डॉ जगन्नाथ मिश्र महाविद्यालय जसीडीह, देवघर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा जूलाई 2024 सत्र में नामांकन की तिथि 15 अक्टूबर 2024 से विस्तारित कर 31 अक्टूबर 2024 कर दिया गया है। जो शिक्षार्थी अभी तक नामांकन नहीं कर पाये हैं वे स्नातक कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में ऑनर्स एवं पास कोर्स में नामांकन 31 अक्टूबर 2024 तक करा सकते हैं, इसके अलावा स्नातकोत्तर के सभी विषयों में 31 अक्टूबर 2024 तक नामांकन इग्नू के ऑफिसियल वेबसाइट ignou.ac.in पर सर्च कर नामांकन कर सकते हैं। इग्नू अध्ययन केंद्र कोड 87012 में स्नातक कला एवं वाणिज्य के सभी विषयों में नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। स्नातकोत्तर -संस्कृत, ज्योतिष, वेद, भगवत गीता, ग्रामीण विकास, मनोविज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, गांधी विचारधारा एवं लोक प्रशासन आदि विषयों में नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। इस अध्ययन केंद्र में शिक्षार्थियों के लिए 24म7 विशेष ऑनलाइन सहायता सुविधा उपलब्ध है। विशेष जानकारी के लिए अध्ययन केंद्र आकर संपर्क कर किया जा सकता है।

आँगनबाबाड़ी सेविका -सहायिका का हड़ताल स्थगित,काम पर लौटीं

देवघर। झारखण्ड राज्य अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत आँगनबाड़ी सेविका सहायिका द्वारा अपनी विभिन्न मांगों के लिए विगत 05 अक्टूबर से झारखण्ड सरकार के द्वारा हो रहे उपेक्षा एवं वादा खिलाफ़ी के कारण अनिश्चित कालीन हड़ताल में थी। बुधवार 15 अक्टूबर को झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन -2024 आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद मोर्चा के घटक संघो की एक वर्चुवल मीटिंग संध्या में सम्पन्न हुई। जिसमें आदर्श आचार संहिता के अनुपालन तथा बाल हित को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर राखी देवी ने कहा की वर्तमान सरकार के वादा खिलाफ़ी और बार -बार शब्द जाल में उलझाकर हमारी मूल मांग पूरा नहीं करने के कारण राज्य की सभी आँगनबाड़ी सेविका- सहायिका आक्रोश में ही रहेंगे तथा नई सरकार गठन होने के बाद आंदोलन की फिर से शुरुआत होगी। इस मौके पर देवयंती देवी, माला देवी, सुंदर तिर्की, रेखा कुमारी, रीमा देवी, मीरा देवी, अनीता बिरुवा, राखी देवी, वहालेन कच्छप,लीना सिन्हा, प्रतिमा देवी, माया देवी,पुष्पा देवी, सावित्री देवी,सीता तिग्गा,अशोक कुमार सिंह नयन, सुशील कुमार पाण्डेय, संजय पासवान, रामचंद्र गोप, लखन लाल मंडल, केडी सिंह,प्रयाग यादव, महेश सोरेन समेत अन्य मौजूद थे।

मतदाताओं को जागरूक करने में पीडीएस डीलरों की भूमिका महत्वपूर्ण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । मधुपुर अनुमंडल अन्तर्गत स्वीप गतिविधियों के तहत पीडीएस दुकानदारों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के उदेश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्वाची पदाधिकारी 13-वि0स0नि0क्षे0 सह अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार द्वारा पीडीएस डीलरों व मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने में आपकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। हजारों की जनसंख्या के बीच आप हर महीने खाद्यान बांटते हैं, लोगों से सीधे जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि आप अपनी दुकान में मतदाता जागरूकता संबंधी पोस्टर-बैनर लगाकर लोगों को जागरूक करें तथा 20 नवम्बर को मतदान के दिन वोट देने के लिए उन्हें प्रेरित

करें। पीडीएस डीलर्स को ईवीएम, वीवीपैट, वोटर हेल्पलाइन नंबर तथा सी विजिल एप के बारे में भी बताया गया। उन्होंने मतदाताओं को बताया कि वीवीपैट के माध्यम से मतदान के बाद यह जाना जा सकता है कि आपने किसे अपना वोट दिया है। वोटर हेल्पलाईन नंबर 1950 पर फोन कर मतदाता वोटरलिस्ट में नाम है या नहीं इसका पता लगा सकते हैं। अगर आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हो तो सी विजिल एप्प के माध्यम से प्रशासन को सूचित कर सकते हैं। 100 मिनट के अंदर कार्रवाई होगी। इस दौरान उपरोक्त के अलावे निर्वाची पदाधिकारी 14-वि0स0नि0क्षे0 सारठ सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, अंचलाधिकारी मधुपुर, यामुन रविदास, कार्यपालक दंडाधिकारी विनय पांडे एवं स्वीप कोषांग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

विधानसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने की बीएलओ के साथ बैठक

संवाददाता

देवघर। जिले के देवीपुर प्रखंड सभागार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बीडीओ विजय राजेश बारला ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों के सभी बीएलओ के साथ बैठक किया। इस दौरान कहा कि अपने-अपने कार्यालय और आसपास क्षेत्र में राजनीतिक से जुड़े पोस्टर,बैनर आदि को हटावें। इसके अलावे अपने-अपने क्षेत्र से 85 पल्स मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं का पहचान करते हुए पर्यवेक्षक के माध्यम से उसकी सूची प्रखंड

कार्यालय को पहुंचाएं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता की संख्या संबंधी सूची व सूचनापट्ट लिखवाने की बात कही गई। बताया कि मतदाता सूचना पर्ची मतदान के पांच दिन पहले बंट जाना चाहिए। वहीं चुनाव संपन्न कराने तक सभी नियमों को विस्तार पूर्वक बताए गए। मौके पर बीपीआरओ बिनोद दास, सभी बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि उपस्थित थे।

रेलवे में नॉन इंटरलॉकिंग से ट्रेनों के मार्ग में बदलाव

अगरतला देवघर साप्ताहिक एक्सप्रेस की यात्रा 26 अक्टूबर को शुरू होगी

संवाददाता

जसीडीह। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के रंगिया मंडल के नलबाड़ी बैहाटा खंड में डबल लाइन चालू करने को लेकर प्री नॉन इंटरलॉकिंग लेने का निर्णय लिया गया है। जिसके कारण कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है । इस संबंध में पूर्व रेलवे के हवाले बताया गया कि रंगिया मंडल में विकास कार्य को लेकर 15 से 29 अक्टूबर तक पावर ब्लॉक लिया जाएगा। जिसके कारण कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन एवं ठहराव विभिन्न तिथियां में किया गया है। गाड़ी संख्या 15626 अगरतला देवघर साप्ताहिक एक्सप्रेस की यात्रा 26 अक्टूबर को शुरू होगी । 12552 कामाख्या एसएमवीटी बेंगलुरु एसी सुपर फास्ट एक्सप्रेस 23 अक्टूबर,15630 सिलघाट टाउन तांबरम नागांव एक्सप्रेस 25 अक्टूबर को कामाख्या गोलपारा टाउन-न्यू बोंगाईगांव के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा और रंगिया में रुकेगी। 15658 कामाख्या दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल 23 से 29 अक्टूबर, 05671 गुवाहाटी आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 23 अक्टूबर को कामाख्या गोलपारा टाउन न्यू बोंगाईगांव के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा और रंगिया, नलबाड़ी, बारपेटा रोड, बिजनी और बोंगाईगांव में रुकेगा। गाड़ी संख्या 15625 देवघर अगरतला साप्ताहिक एक्सप्रेस 14, 21, 28 अक्टूबर ,12513 सिकंदराबाद सिलचर एक्सप्रेस 19 और 26 अक्टूबर , ट्रेन नंबर 12551 एसएमवीटी बेंगलुरु कामाख्या एसी सुपर फास्ट एक्सप्रेस 19 एवं 26 अक्टूबर को न्यू बोंगाईगांव गोलपारा टाउन कामाख्या के रास्ते से डायवर्ट किया जाएगा और रंगिया में ठहराव किया जाएगा। 15960 डिब्रूगढ़ हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस 25, 26, 28 अक्टूबर गोलपारा टाउन न्यू बोंगाईगांव के माध्यम से डायवर्ट किया जाएगा और रंगिया, नलबाड़ी, तिहू, पाठशाला, बारपेटा रोड, सोरभोग और बोंगाईगांव में रुकेगी। 15657 दिल्ली कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल 13, 14. 15, 19, से 27 अक्टूबर 05672 आनंद विहार टर्मिनल गुवाहाटी स्पेशल 25 अक्टूबर को न्यू बोंगाईगांव गोलपारा टाउन के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। कामाख्या और बोंगाईगांव, बिजनी, बारपेटा रोड, नलबाड़ी और रंगिया में रुकेंगी। 15959 हावड़ा डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस 20 से 24,और 26, 27 अक्टूबर को न्यू बोंगाईगांव गोलपारा टाउन कामाख्या के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा और बोंगाईगांव, सोरभोग, बारपेटा रोड, पाठशाला में रुकेगी। ट्रेन नंबर 12510 गुवाहाटी एसएमवीटी बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस 27 से 29 अक्टूबर ट्रेन नंबर 20501 अगरतला आनंद विहार टर्मिनल तेजस राजधानी एक्सप्रेस 28 अक्टूबर, 15648 गुवाहाटी लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, 13174 सबरूम सियालदह एक्सप्रेस 29 अक्टूबर को कामाख्या गोलपारा टाउन न्यू बोंगाईगांव के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा और रंगिया, बारपेटा रोड पर स्टॉपेज को छोड़ दिया जाएगा।

निषेधाज्ञा लागू : हथियार, अग्नेयास्त्र, विस्फोटक पदार्थ लाने व ले जाने पर प्रतिबंध

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा को झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा कर दी गई है। चुनाव घोषणा की तिथि से ही सम्पूर्ण जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जनसभा/जुलूस का आयोजन किया जायेगा। जनसभा एवं जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित/आतंकित किये जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए आवंछित/असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है,जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है। ऐसे में सम्पूर्ण जिला अन्तर्गत निष्पक्ष चुनाव के आचरण एवं अनुकूल, स्वस्थ और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए संतुष्ट होकर चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक जिले में निषेधाज्ञा लागू किया गया है.

सम्पूर्ण जिले में किसी प्रकार के घातक हथियार, अग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

सरकारी अर्द्धसरकारी एवं स्थानीय संकायों जैसे महाविद्यालय, उच्च विद्यालय, प्राथमिक, मध्य एवं बुनियादी विद्यालयों एवं किसी भी आम भूमि पर किसी प्रकार का आम सभा का आयोजन करने तथा पूरे अनुमंडल क्षेत्र में जुलूस निकालने पर मनाही की जाती है। यह निषेधाज्ञा शव-यात्रा, शादी विवाह/मांगलिक कार्य पर लागू नहीं होगा। इसके उपयोग के लिए अधोहस्ताक्षरी की अनुमति आवश्यक होगी। जिले के सभी अनुमंडल क्षेत्रों में रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित किया जाता है। बिना अधोहस्ताक्षरी के अनुमति के डीजे/साउण्ड बॉक्स एवं सामान्य से तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर पूर्णतः रोक लगायी जाती है।

कार्यालय
उपायुक्त – सह – जिला दण्डाधिकारी, दुमका (झारखण्ड)
(जिला शस्त्र शाखा)

-: आम सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि विधानसभा (आम) निर्वाचन– 2024 की घोषणा होने के साथ ही संपूर्ण दुमका जिला में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है।

अतएव विधानसभा (आम) निर्वाचन– 2024 को शांतिपूर्ण, निश्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में कराने हेतु दुमका जिला के धारित सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को निदेश दिया जाता है, कि वे अपने–अपने धारित शस्त्रों को अपने संबंधित थाना क्षेत्र अंतर्गत 03 (तीन) दिनों के अंदर जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी अनुज्ञप्तिधारी का शस्त्र अन्यत्र जमा हो गया हो तो वे तत्संबंधी सूचना अविलम्ब संबंधित थाने में लिखित रूप से देंगे।

उपायुक्त –सह–
जिला शस्त्र दण्डाधिकारी,
दुमका

PR 339177 (District)24-25*D

न्यायालय, अनुमंडल दण्डाधिकारी, दुमका (झारखंड)
कि0मी0वाद सं0–527/2024

सरकार वनाम आम जनता दुमका अनुमंडल
(धारा–163 भा0ना0सु0स0)

आदेश की कम सं0 और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पी के साथ
1	2	3

आदेश

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड में विधान सभा आम चुनाव–2024 की घोषणा दिनांक–15.10.2024 को कर दी गई है तथा घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशिय ों के द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जन–सभा/जुलूस का आयोजन किया जाएगा। जन सभा एवं जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित /आंतकित किये जाने तथा विधि–व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए आवंछित/असामाजिक तत्वों के सकिय होने के कारण विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है।

अतः उपर्युक्त परिपेक्ष्य में मैं कौशल कुमार, अनुमंडल दण्डाधिकारी, दुमका निष्पक्ष चुनाव हेतु स्वस्थ और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए संतुष्ट होकर आज दिनांक–15.10.2024 से अगले चुनाव प्रकिया की समाप्ति होने तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित–2023 की धारा–163 भा0ना0सु0स0 (द0प्र0स0 की धारा–144) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पुर्ण दुमका अनुमंडल में निषेधाज्ञा आदेश जारी करते हुए निम्नांकित आदेश जारी करता हूँ:–

(1)सम्पूर्ण अनुमंडल क्षेत्र में किसी प्रकार के घातक हथियार, आग्नेशास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एव ं ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। यह निषेधाज्ञा सरकारी पदाधिकारी/कर्मचारी/पुलिस कृपाण धारण करने पर लागू नहीं होगा।

(2)सरकारी अर्द्धसरकारी एवं स्थानीय संकायों जैसे महाविधालय उच्च विधालय, प्राथमिक मध्य एंव बुनियादी विधालयों एवं किसी भी आम भूमि पर ि कसी प्रकार का आम सभा का आयोजन करने तथा पूरे अनुमंडल क्षेत्र में जुलूस निकालने पर मनाही की जाती है। यह निषेधाज्ञा शव–यात्रा, शादी विवाह/मांगलिक कार्य पर लागू नहीं होगा। इसके उपयोग के लिए अधोहस्ताक्षरी की अनुमति आवश्यक होगी।

(3)कोई भी दल अभ्यर्थी या उनके सहयोगी द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक समय सीमा के अन्दर अधोहस्ताक्षरी की पूर्वानुमति प्राप्त कर ही किया जा सकेगा। उक्त समय सीमा के बाहर ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

उपर्युक्त शर्त मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरूद्वारा या धार्मिक स्थलों पर लागू नहीं होगी। मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरूद्वारा या अन्य पूजा स्थल पर से निर्वाचन प्रचार प्रतिबंधित किया जाता है।

(4)किसी सार्वजनिक/सरकारी सम्पत्ति या किसी व्यक्तिगत सम्पत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर पम्पलेट साटना, झंडा टांगना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होडिंग लगाना, तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंधित किया जाता है।

(5)किसी भी उम्मीदवार को ऐसा कोई कार्य नहीं करना है, जिससे किसी धर्म, सम्प्रदाय या जाति के लोगों की भावना को ठेस पहुँचे या उनमें विद्वेष या तनाव पैदा हो।

(6) मत प्राप्त करने के लिए धार्मिक, साम्प्रदायिक या जातीय भावनाओं का सहारा नहीं लिया जायेगा।

(7)पूजा के किसी स्थान जैसे कि मंदि र, मस्जिद, गिरजाघर, गुरूद्वारा आदि का उपयोग निर्वाचन प्रचार के लिए नहीं किया जाएगा।

(8)किसी उम्मीदवार के व्यक्तिगत जीवन के ऐसे पहलुओं की आलोचना नहीं किय ा जाना है, जिनका संबंध उसके सार्वजनिक जीवन या कियाकलापों से संबंधित हो और न ही ऐसे आरोप लगाये जाना है, जिसकी सत्यता स्थापित न हुई हो।

(9)किसी अभ्यर्थी की आलोचना उसके पूर्व कार्य तक ह ी सीमित रहनी है तथा आलोचना असत्यापित आरोपों पर आधारित नहीं की जानी है।

(10)प्रत्येक व्यक्ति के शान्तिपूर्ण घरेलु जीवन के अधिकार का सम्मान किया जाना है। चाहे उसके विचार कैसा भी क्यों ना हो । किसी व्यक्ति के कार्यो या विचारों का विरोध करने के लिए किसी उम्मीदवार द्वारा ऐसे व्यक्ति के घर के सामने घरना देने, नारेबाजी करने या प्रदर्शन करने की कार्रवाई का कत्तई समर्थन नहीं किया जाएगा।

(11) उम्मीदवार को ऐसे सभी कार्यो से परहेज करना है, जो चुनाव कानून के अन्तर्गत अपराध हो।

(12) ऐसा कोई पोस्टर, इस्तेहार, पम्पलेट या परिपत्र निकालना जिसमें मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता न हो , धारा 127 A लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम् का उल्लंघन माना जाएगा।

(13) किसी उम्मीदवार के निर्वाचन की संभावना पर प्रतिकुल प्रभाव डालने के उद्देश्य से उसके व्यक्तिगत आचरण और चरित्र या उम्मीदवार के संबंध में ऐसे कथन या सम ाचार का प्रकाशन कराना जो मिथ्या हो या जिसके सत्य होने का विश्वास न हो, की मनाही रहेगी।

(14) किसी चुनाव सभा में गड़बड़ी करना या विघ्न डालना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

(15) मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व सार्वजनिक सभा करना वर्जित किया जाता है।

(16) मतदाताओं को रिश्वत या किसी प्रकार का परितोषिक देना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन की श्रेणी में आएगा।

(17) मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अन्दर किसी प्रकार का चुनाव प्रचार करना या मत संयाचना करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

(18)मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लेने या ले जाने के लिए वाहनों का उपयोग करना वर्जित किया जाता है।

(19) मतदान केन्द्र में या उसके आसपास विश्रृंखल आचरण करना या मतदान केन्द्र के अधिकारियों के कार्य में बाधा डालना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा।

(20)मतदान का प्रतिरूपण करना अर्थात गलत नाम से मतदान का प्रयास करना दण्डनीय है।

(21)मतदान के दो दिन पूर्व से लेकर मतदान के दिन तक किसी उम्मीदवार द्वारा न तो शराब एवं अन्य नशीली पेय पदार्थ खरीदी जाए और न ही उसे किसी को पेश या वितरित किया जाएगा। प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अपने कार्य–कर्त्ताओं को ऐसे करने से रोकना होगा।

(22)किसी भी उममीदवार द्वारा किसी भी व्यक्ति की भूमि, भवन, अहाते एवं दिवार का उपयोग झण्डा टांगने, पोस्टर चिपकाने, नारे लिखने आदि प्रचार कार्यो के लिए उसकी लिखित अनुमति के वगैर नहीं किया जाएगा और अपने समर्थकों एवं कार्य–कर्त्ताओं को भी ऐसा करने से रोकना होगा।

(23)किसी भी उम्मीदवार उसके पक्ष में लगाये गये झण्डे या पोस्टर दूसरे उम्मीदवार के कार्य–कर्त्ताओं द्वारा नहीं हटाया जायेगा।

(24) किसी हाट, बाजार या भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थल पर चुनाव सभा के आयोजन के लिए सक्षम पदाधिकारी से पूर्वानुमति ली जायेगी तथा स्थानीय पुलिस थाने को ऐसी सभा के आयोजन के पूर्व सूचना दी जायेगी, ताकि शांति एवं व्यवस्था बनाये रखने तथा यातायात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस आवश्यक प्रबंध कर सके।

(25)प्रत्येक उम्मीदवार को किसी अन्य उम्मीदवार द्वार ा आयोजित सभा या जुलूस किसी प्रकार की गड़बड़ी करने या बाधा डालने से अपने कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों को रोकना होगा। यदि दो भिन्न दलों एवं उम्मीदवार द्वारा पास–पास स्थित स्थानों पर सभायें की जा रही है, तो ध्वनि विस्तारक का मुँह विपरित दिशा में रखने होंगे।

(26)किसी उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित जुलूस ऐसे क्षेत्र या मार्ग से नहीं निकाला जायेगा जिसमें कोई प्रतिबंधात्मक आदेश लागू हो। जुलूस के निकालने के स्थान, समय और मार्ग तथा समापन के मामले में स्थानीय पुलिस थाने में कम से कम एक दिन पहले सूचना दी जायेगी। इस बात का ध्यान रखा जायेगी कि जुलूस के दौरान यायायात में कोई बाधा न हो। जुलूस में लोगों को ऐसी चीजें लेकर चलने से रोका जायेगा, जिसको लेकर प्रतिबंध हो या जिनका उत्तेजना के क्षणों में दुरूप्योग किया जा सकता है।

(27) प्रत्येक उम्मीदवार को किसी अन्य उम्मीदवार के पुतले लेकर चलने या उन्हें किसी सार्वजनिक स्थान में जलाये जाने तथा किसी प्रकार के अनरूप प्रदर्शन का आयोजन करने से अपने कार्यकर्ताओं को रोकना होगा।

उक्त आदेश का उल्लंघन B.N.S -223 (भारतीय दण्ड संहिता के धारा–188) के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। चूँकि उक्त निरोधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किये जाने की आवश्यकता है तथा व्यक्तिगत

विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर भाजपा ने बैठक कर बनाई रणनीति

गोड्डा । नगर स्थित भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कोर कमेटी की एक अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी कार्यकर्ता एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सह प्रदेश विधानसभा प्रभारी राम नरेश तिवारी उपस्थित थे। आयोजित बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें जिले के तीनों विधानसभा में भाजपा की जीत को लेकर रणनीति बनाई गई। वहीं बैठक में जिले भर के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को चुनावी घोषणा के साथ ही तत्परता के साथ कार्य करने के लिए अपनी स्वीकृति दी। इस मौके पर का संथाल परगना प्रभारी तूफान मार्था एवं विश्वनाथ रमानी जिला अध्यक्ष देवघर एवं प्रदेश मंत्री परिणिता झा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती, जिला महामंत्री मुरारी चौबे, राजेश टेकरीवाल, जिला उपाध्यक्ष, अजय शाह एवं संथाल परगना किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी फनीलाल कुशवाहा एवं जिला अध्यक्ष हरिनारायण महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन झा, जिला महामंत्री मुकेश कुमार सिंह, ठाकुर शिवेंद्र सिंह जी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

सेक्टर पदाधिकारी तथा सुपरवाइजर के साथ बीडीओ तथा सीओ ने की बैठक

संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता सहित विभिन्न बिन्दुओं को लेकर बीडीओ अकांक्षा कुमारी तथा सीओ मोहम्मद कयूम अंसारी ने नाला प्रखंड सभागार में सभी सैक्टर पदाधिकारी तथा सुपरवाइजर के साथ बैठक की।इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन सहित अन्य विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस क्रम में सभी सैक्टर पदाधिकारियों को नाला प्रखंड क्षेत्र में कुल 144 मतदान केंद्रों में चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस क्रम में बुथों में उपलब्ध आधारभूत संरचना, रूट चार्ट, मतदान पदाधिकारियों के ठहराव को लेकर अन्य व्यवस्था को दुरुस्त करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कनीय अभियंता कुंदन कुमार, एएसआई राजु महली,एएसआई बिरजू भगत, एएसआई गहलोत, एएसआई संजय कुमार,सीआई श्यामसुंदर बेसरा,राजस्व उप निरीक्षक शिवानंद तिवारी,बलराम मंडल, कनीय अभियंता रामजतन मुर्मू, कनीय अभियंता सौरभ कुमार,कनीय अभियंता करमदास सोरेन,संजय कुमार, लक्ष्मी मंडल, मंगलमय मंडल, राजेन्द्र बेसरा,श्रवण मरांडी,निमाई चंद्र देवांशी,संजय कुमार,सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

मूर्ति विसर्जन को लेकर दो पक्षों में हो रहे विवाद को सुलझा कर पुलिस ने कराया विसर्जन

गोड्डा । मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सरौनी गांव में मूर्ति विसर्जन के दौरान विवाद का माहौल बन गया था। जिस कारण बड़ी घटना घटित होने की संभावना दिख रही थी। जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामले को संभाल लिया और फिर प्रतिमा का विसर्जन कराया गया। उक्त मामले में सरौनी में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान कुछ लोगों द्वारा सड़क पर आकर विरोध किया जा रहा था कि इस रास्ते से मूर्ति विसर्जन नहीं किया जाएगा। इस पर मूर्ति विसर्जन कर रहे पूजा समिति के लोग उग्र हो गये और दोनों पक्षों में विवाद का माहौल उत्पन्न हो गया। वहीं कुछ महिलाओं के विरोध करने पर और भी लोग जमा हो गये। पर जब तक मामला बिगड़ता वहां मौजूद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच हस्तक्षेप कर फिलहाल मामले को संभाल लिया। वहीं इस घटना की जानकारी वरीय प्रशासनिक अधिकारी को मिलते ही गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक रविदास व थाना प्रभारी कृष्णा कुमार मौके पर पहुंचे और सबों से बातचीत कर दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद को सुलह करने का प्रयास किया गया। जिला प्रशासन द्वारा घंटों मशक्कत के बाद मूर्ति का विसर्जन हो गया, लेकिन तनाव को देखते हुए पुलिस को कैंप करना पड़ा। इस दौरान गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित पुलिस की टीम वहां मौजूद रही और विवाद होने से रोका जा सका, नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। इस दौरान मुखिया शैलेश साह, आकाश मंडल सहित गांव के अन्य लोग भी जुटे और सबों ने मिलकर हालात को संभाला तब जाकर मामले को संभाला जा सका। वहीं मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम मंगलवार को किया गया था।

एसडीओ ने की वभिन्न पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

ललमटिया संवाददाता । झारखंड में विधानसभा चुनाव तारीखों के घोषणा के साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी ने बुधवार को अनुमंडल कार्यालय महागामा में अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। जिसमें आचार संहिता के नियमों के पालन व इनके गाइड लाइन के अनुसार सभी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही महागामा अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि इस बार चुनाव में 333589 मतदाता भाग लेंगे, जिसमें पुरुष मतदाता की संख्या 172370 व महिला मतदाता की संख्या 161219 है। साथ ही महागामा विधानसभा में कुल 408 बूथों पर मतदान किए जाएंगे। जिसमें मेहरमा प्रखंड में 143 बूथ, ठाकुरगंगटी प्रखंड में 94 बूथ व महागामा प्रखंड में 171 बूथों पर मतदान किए जाएंगे।

गोड्डा- दिल्ली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का शुरू हुआ नियमित परिचालन

संवाददाता

गोड्डा । गोड्डा से दिल्ली तक जाने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 14049/50 का नियमित परिचालन बुधवार से शुरू हो गया। यह ट्रेन गोड्डा से खुलकर दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन तक जाएगी। वहीं आनंद विहार से सोमवार को चलकर मंगलवार को यह ट्रेन अपने निर्धारित समय 3ः45 मिनट पर गोड्डा रेलवे स्टेशन पहुंची और अगले दिन बुधवार को अपने निर्धारित समय सुबह 10 बजे प्लेटफार्म संख्या एक से यह ट्रेन दिल्ली के लिए रवाना हुई। यह ट्रेन गोड्डा से खुलकर दिल्ली के लिए भाया ककनी, देवघर, जसीडीह, मधुपुर, गिरीडीह, जमुआ, धनवार, कोडरमा, मुगलसराय होते हुए रवाना हुई। यह ट्रेन गोड्डा स्टेशन से 14वीं ट्रेन के रूप में खुली है। इससे पहले दिल्ली जाने के लिए गोड्डा से हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन पहले से ही किया जा रहा है। इस नयी ट्रेन के परिचालन से जिलेवासियों को एक दिन और दिन दिल्ली के लिए डायरेक्ट सफर करने का अवसर मिल गया है। वहीं इस ट्रेन के खुलने के बाद छात्रों, व्यावसायिक वर्गों में काफी खुशी है। ट्रेन का परिचालन शुरू होते ही इसकी उपयोगिता का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी स्लीपर, फर्स्ट एसी, सेकंड एसी, थर्ड एसी सब में वेटिंग चल रही थी, यानी की कुल मिलाकर पूरी सीट बुक थी।

मालूम हो कि गोड्डा सांसद डॉ0 निशिकांत दुबे व दिल्ली के भाजपा नेता मनोज तिवारी पहले ही इस ट्रेन को नयी दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर उदघाटन कर चुके हैं। ट्रेन दिल्ली से नौ अक्टूबर को खुलकर 10 अक्तूबर को गोड्डा पहुंची थी परंतु आज से इसका नियमित परिचालन प्रारंभ हो जाएगा।

335 रुपये में पहुंच सकेंगे दिल्ली, स्लीपर का किराया 576 रुपये*गोड्डा- नई दिल्ली ट्रेन में सफर करने के लिए गोड्डा से दिल्ली तक का सामान्य किराया 335 रुपये है। वहीं थ्री टीयर सामान्य श्रेणी स्लीपर में 576 रुपये, थ्री टीयर इकोनॉमी क्लास एसी में 1430 रुपए, थ्री टीयर एसी में 1530 रूपये, सेकंड क्लास एसी में 2270 रुपये व प्रथम श्रेणी एसी में दिल्ली तक का किराया 3740 रुपये है। वहीं गोड्डा-नई दिल्ली ट्रेन का किराया हमसफर के किराए से कम ही लगेगा। मजदूर वर्ग जो दिल्ली आदि प्रदेश काम करने जाते हैं इस ट्रेन के माध्यम से अब दिल्ली जा सकेंगे।

वहीं गोड्डा-नयी दिल्ली ट्रेन का इन स्टेशनों हंसडीहा, ककनी, देवघर, जसीडीह, मधुपुर, न्यू गिरीडीह, जमुवा, धनवार, कोडरमा, गया, डिहरी ऑन सोन, भभुआ रोड, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर ठहराव होगा और फिर अंतिम पड़ाव में यह ट्रेन दिल्ली पहुंचेगी।

गोड्डा-नयी दिल्ली ट्रेन की समय सारिणी

ट्रेन हर सोमवार को दोपहर तीन बजे दिल्ली से रवाना होगी और मंगलवार को दोपहर 3ः45 बजे गोड्डा पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन हर बुधवार को सुबह 10 बजे गोड्डा से रवाना होगी और गुरुवार को सुबह 9ः10 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

आदर्श आचार संहिता के साथ हीं गोड्डा एवं महगामा अनुमंडल क्षेत्र में धारा 163 लागू, चुनाव समाप्ति तक रहेगा प्रभावी

संवाददाता

गोड्डा । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2024 की घोषणा गत 15 अक्टूबर को कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा की तिथि से ही गोड्डा जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जन-सभा, जुलूस का आयोजन किया जायेगा। जनसभा एवं जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित, आतंकित किए जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए आवंछित, असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है। जिसे देखते हुए चुनाव सम्पन्न कराने तक अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव एवं महगामा अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा गोड्डा एवं महगामा अनुमंडल क्षेत्र में धारा 163 लगाते हुए निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है। जिससे निष्पक्ष, अनुकूमल, स्वस्थ और शांतिपूर्ण

माहौल बनाए रखते हुए विधानसभा चुनाव सम्पन्न कराया जा सके। रैली, सभा एवं धरना में बिना अनुमति के किसी प्रकार की रैली, सभा एवं धरना नहीं किया जायेगा। जुलूस में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का धारदार हथियार (अस्त्र एवं शस्त्र)

जो मानव शरीर के लिए घातक हो, को लेकर चलने पर प्रतिबंधित आरोपित किया जाता है। चुनावी अभियान/प्रचार के दौरान बिना सक्षम पदाधिकारी के अनुमति के बगैर वाहन का प्रयोग नहीं करेंगे। सरकारी सम्पति का उपयोग बिना अनापत्ति/अनुमति के नहीं किया जायेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग 6.00 बजे प्रातः से 10.00 बजे रात्रि तक ही करेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग सक्षम पदाधिकारी के अनुमति के पश्चात करेंगे। यदि किसी भी बात से जाति, धर्म, समुदाय आदि में शत्रुता या घृणा पैदा होती है तो इसके लिए आवेदक जिम्मेवार होंगे तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति रद्द कर दी जायेगी।

किसी सार्वजनिक, सरकारी सम्पति पर नारा लिखना, पोस्टर, पम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झण्डा लगाना, सार्वजानिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्टिंग लगाना एवं तारण द्वार लगाने पर प्रतिबंधित आरोपित किया गया है। उक्त प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों पर सुसंगत प्रावधनों के तहत कार्रवाई की जायेगी। किसी भी व्यक्तिगत सम्पति पर बिना सम्पति मालिक की लिखित

अनुमति के नारा लिखना, पोस्टर, पम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झण्डा लगाने, होडिंग लगाने पर प्रतिबंध आरोपित किया गया है। भारतीय दण्ड संहिता में परिभाषित किसी भी अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पांच या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे। कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन फोटो, पोस्टर, सोशल कीडिया पोस्ट (फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम) पर्चा के माध्यम से ऐसा प्रचार नहीं करेंगें ताकि कोई भी व्यक्ति जाति, धर्म समुदाय के आधार पर विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुत्ता या घृणा की भावनाओं को बढावा नहीं देंगे।

निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भयमुक्त चुनाव कराना प्राथमिकता ः डीसी

गोड्डा । समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांगो के वरीय एवं प्रभारी पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर गठित विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय तथा निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का शत् प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कोषांगों के दायित्व निर्वहन का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा क्रमवार वाहन कोषांग, निर्वाचन कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, डाक मतपत्र एवं पीडब्ल्यूडी कोषांग, स्वीप कोषांग आदि की कार्ययोजना के संबंध में विचार विमर्श करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा वाहन कोषांग के वरीय पदाधिकारी को निर्वाचन कार्य में इस्तेमाल होने वाले वाहनों का आकलन करते हुए वाहनों का अधिग्रहण की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उन्होने कहा सभी तरह के वाहनों का अधिग्रहण वाहन कोषाग द्वारा एक सप्ताह के अंदर प्लान तैयार कर लिया जाए।वहीं बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा विभिन्न वर्ग के मतदाताओं को मतदान के लिए उनके दायित्वों से अवगत कराने, लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु वोटर अवेयरनेस ग्रुप को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने, कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में स्वीप के तहत् विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को जागरुक करने, विभिन्न माध्यम से अब्सेंटी वोटर्स के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा सम्बन्धित प्रावधानों के व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी कोषांग के वरीय पदाधिकरियों को अपने-अपने कोषांग का नियमित बैठक कर बेहतर तालमेल स्थापित कर निर्वाचन सम्बन्धित कार्य को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भयमुक्त चुनाव कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी कोषांग यह सुनिश्चित करेंगे कि निर्धारित समयावधि में अपने दायित्वों का निष्पादन करेंगे जिससे सुगमता से निर्वाचन कार्य संचालित किया जा सके। बैठक के दौरान मौके अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, जिला नजारत उपसमाहर्ता श्रवण राम, उप निर्वाचन पदाधिकारी पंकज कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

विधानसभा चुनाव को लेकर अंचल कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक

संवाददाता नाला (जामताड़ा)--चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में बुधवार को नाला प्रखंड सह अंचल कार्यालय कक्ष में अंचलाधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी। आकांक्षा कुमारी ने संयुक्त रूप से सभी राजनीतिक दलों के सचिव एवं अध्यक्ष के साथ बैठक की। इस दौरान आदर्श आचार संहिता से संबंधित बिन्दुवार चर्चा की गई।इस दौरान अंचलाधिकारी ने बताया कि चुनावी घोषणा के उपरांत पहले 24 घंटे के भीतर जितने भी राजनीतिक दलों से संबंधित बैनर,पोस्टर,दीवाल लेखन और झंडे हैं सभी को हटाया जाए साथ ही अगर किसी के घर में अगर झंडा या बैनर लगा हुआ है तो उसको तुरंत हटाया जाए। बताया कि आदर्श आचार संहिता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावी कार्यक्रम की घोषणा के बाद तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।इसके अनुपालन को लेकर सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य प्रतिनिधियों को आवश्यक परामर्श दिए गए। वहीं बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने धारा 163 को लेकर चर्चा किया एवं विभिन्न चेक पोस्ट महेशमुंडा,अफजलपुर एवं खड़ीमाटी में विशेष चौकसी बरतने का सुझाव दिया।साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी जगहों में पांच या उससे अधिक व्यक्ति का जमावड़ा नहीं होना चाहिए।मौके पर समर माजी,गिरिधारी ठाकुर,कैलाश मंडल,सुनील राय,बीमल कांति घोष,शेख मुस्ताख,शेख आजू रहमान,राजेन्द्र बेसरा, श्रवण मरांडी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

मनरेगा कर्मी एवं रोजगार सेवक की हुई बैठक

बोआरीजोर संवाददाता। प्रखंड के सभागार भवन में मनरेगा कर्मी एवं रोजगार सेवक की बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता बीपीओ संजीव कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी गांवों में मनरेगा योजना का कार्य शुरू रहना चाहिए तथा अधिक से अधिक मजदूर को मनरेगा योजना से जोड़कर रोजगार देने की कोशिश करें। बिरसा हरित ग्राम योजना से पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है, इसे युद्धस्तर पर पूरा करें। जितनी भी पुरानी योजना है, उसे जल्द पूरा कर योजना को बंद करें। मजदूर के जॉब कार्ड का सत्यापन हो रहा है। क्षेत्र के सभी मजदूरों के जॉब कार्ड का सत्यापन कर लें। अबुआ आवास योजना में मनरेगा के तहत मजदूरों का डिमांड दे मजदूरों के बैंक खाता का सत्यापन कर लें। कई मजदूरों का बैंक खाता अप टू डेट नहीं रहने के कारण मजदूर के खाता में पैसा नहीं जा पा रहा है, इससे मजदूरों को परेशानी हो रही है। मौके पर सहायक अभियंता नीतीश कुमार, जूनियर इंजीनियर आशीष रंजन, राहुल कुमार, आनंद मरांडी, श्याम हेंब्रम, रोजगार सेवक शाहनवाज हुसैन, मुस्तकीम असारी, नूरुल असारी आदि उपस्थित थे।

झामुमो सिद्धांत की पार्टी , हमारे सभी कार्यकर्ता आदर्श हैं : रविंद्र महतो

संवाद सहयोगी

,कुंडहित (जामताड़ा)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नाला विधायक रबींद्रनाथ महतो के कार्यों से प्रभावित होकर प्रखंड क्षेत्र के चंद्रडीह गांव के करीब पांच दर्जन लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। मौके पर विधायक रबींद्रनाथ महतो ने माला एवं पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

इस अवसर पर रबीन्द्रनाथ महतो ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि हम एक परिवार की तरह इस पार्टी में है। इस पार्टी में एक-एक कार्यकर्ता एक-एक सिपाही की तरह है। इस पार्टी में जो भी कार्यकर्ता है उनके बात -विचार तथा कार्यशैली को देखते हुए क्षेत्र के जनता इस पार्टी में योगदान दे रहे हैं। मैं उन तमाम कार्यकर्ताओं को अपने पार्टी में जो सिद्धांत है उसपर चलने की

अपील करता हूं। आज पुरे झारखंड में झामुमो पार्टी एक मजबूत और विश्वासनीय पार्टी के नाम से जाना जाता है। इस पार्टी में हमारे वरीय अधिकारी जो दिशा निर्देश देंगे उस दिशा निर्देश पर अधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को चलना पड़ता है।

उन्होंने कहा मैं उम्मीद करता हूं आगामी विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र में पार्टी के हाथ मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना किसी जाति विशेष के लिए नहीं चलाई बल्कि सभी जाति धर्मो के लोगों के लिए मंईयां सम्मान योजना है, जो बहुत ही लाभदायक व प्रशंनशीय है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने महिलाओं के बारे में सोचते हुए अंतिम कैबिनेट पर मंईया सम्मान की राशि बढ़ाकर 2500 कर दिया है। गरीबों के लिए अबुवा आवास, बिजली बिल माफी योजना, दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त योजना सहित अन्य अनेको योजना है, जो हेमंत सोरेन की बहुत ही काबिले तारीफ की योजना है। यह सब देखते हुए ही उन्हें काफी अच्छा लगा और गड़जोड़ी पंचायत के दर्जनों लोगो ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर रवींद्रनाथ महतो के अलावे प्रखंड अध्यक्ष जयश्वर मुर्मू, शरम मंडल, उत्तम पाल, सहित चंद्रडीह गांव के कन्हाई वाउरी, अमर वाउरी, सुकुमार वाउरी, मिलन वाउरी, मनीलाल वाउरी, निर्माण घोष, स्वरुप चौधरी, समिति चौधरी, उज्जवल मंडल, पाडू हांसदा, नरेन हांसदा, सनातन मुर्मू सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

चुनावी समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिया निर्देश, स्वीप के तहत लोगों के बीच जागरूकता अभियान में लाएं तेजी

संवाददाता

जामताड़ा । बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त की जा रही तैयारियों, आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन, मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, सुरक्षा बलों के आवासन, रूट चार्ट एवं कम्युनिकेशन प्लान, पोस्टल बैलेट से मतदान सहित अन्य अहम बिंदुओं पर समीक्षा हेतु बैठक आहूत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी अधिसूचना के फलस्वरूप 15 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के अनुदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि आचार संहिता से जुड़े मामलों का उसी दिन निष्पादन करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने विधि-व्यवस्था संधारण एवं आचार संहिता के अनुपालन हेतु सभी चेकनाकाओं में जिले में आने जाने वाले वाहनों को सघनता से जांच करने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी सूरत में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करते रहें। साथ ही उन्होंने एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी टीम के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी कोषांगों को अविलंब फंक्शनल करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन जामताड़ा निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए कृत संकल्पित है। सभी अधिकारी जिम्मेवारी से अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करें, किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी ली, बताया गया कि स्वीप कैलेंडर के अनुसार

जिले में मतदाता जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस, शिक्षा विभाग सहित स्वीप कोषांग को स्वीप के तहत वृहत स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके अलावा बूथ अवेयरनेस ग्रुप के गठन की जानकारी लेते हुए इसे फंक्शनल करने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब ने बैठक में थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के अलावा बैठक के दौरान जिले से सटे सभी सीमाओं पर विशेष चौकसी बरतने, साथ ही थाना एवं ओपी क्षेत्र में चौकसी बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में किसी तरह के बाहुबल व धनबल का उपयोग किसी कीमत पर नहीं हो, इसके लिए सजगता बहुत जरूरी है। उन्होने सभी से चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का निर्देश दिया। कहा कि निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार के अलावा संबंधित पदाधिकारी सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

आपसी विवाद में दो पक्षों में जम कर मारपीट, तीन घायल

मेहरमा संवाददाता । थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भलुआ में आपसी विवाद मे मारपीट की घटना में तीन लोग जो है बुरी तरह से घायल बताए जा रहे हैं।इसके सूचना मिलते ही मेहरमा थाना प्रभारी नितिन अश्वनी के द्वारा अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन करने लगे। घायल व्यक्ति को मेहरमा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहतरीन इलाज के लिए लाया गया। घटना में संलिप्त व्यक्ति को मेहरमा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें शंभू यादव उनके पुत्र राकेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अवर निरीक्षकबिधन चंद्र पटेल ने बताया कि घटना को लेकर सुसंगत धाराओं में मेहरमा थाना करण संख्या 110 / 24 दर्ज कर मामले का अनुसंधान जारी है। जबकि एक अन्य अभियुक्त गुंजन यादव जिसके हाथ में पिस्टल था, वह फरार बताया गया है। इस बबात घायलों का ईलाज कर रहे चिकित्सा प्रभारी डॉ विवेक कुमार सिन्हा ने बताया कि शंभू यादव उम्र (62) पिता खोखन यादव अरुण यादव (45) पिता चूल्हाई यादव उम्र (24) पिता अरुण यादव का इलाज मेहरमा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु मेहरमा पुलिस के द्वारा छापामारी की जा रही है।

मनरेगा कर्मी एवं रोजगार सेवक की हुई बैठक

लीगल एड क्लिनिक की ओर से चलाया गया जन जागरुकता अभियान

गोड्डा ः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर जिले के विभिन्न प्रखंडों में विधिक जन जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लीगल एड क्लिनिक बसंतराय की डालसा की टीम ने ग्रामीणों को विशेष मध्यस्थता अभियान की जानकारी दी गई। टीम में शामिल जायसवाल मांझी व जोबाती मुर्मू ने क्षेत्र के बोदरा पंचायत के गांवों में आयोजित शिविर में कहा कि समय -समय पर न्यायालय परिसर व परिवार न्यायालय परिसर में विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जाता है। इसमें पारिवारिक मामले के अलावा अन्य सुलहनीय मामले का त्वरित निष्पादन होता है। मध्यस्थता में दोनों पक्ष उपस्थित होकर सुलह कराकर मुकदमा का निष्पादन करा लें। इससे दोनों पक्षों के साथ- साथ सरकार की भी भलाई है। दिनोंदिन कोर्ट पर मुकदमे का बोझ बढ़ता जा रहा है। ऐसे में मुकदमे के त्वरित न्याय के लिए यह सबसे उपयुक्त माध्यम है। इससे निष्पादित मुकदमे से दोनों पक्षों की जीत होती है और विवाद सदा के लिए खत्म हो जाता है।इस दौरान ग्रामीणों को कानून के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। इसी क्रम पोडैयाहाट डालसा टीम में शामिल पीएलवी शंकर चंद सेन एवं मो. हसीब ने डांड़े गांव में, ठाकुरगंगटी के चांदा गांव में मुन्नी रानी व विमल टुडू, मेहरमा में रामविलास महतो, बोआरजोर में दयानदं यादव व अनिता टुडू, पथरगामा में दिलीप यादव व मीणू बेसरा, सुंदरपहाड़ी में चुनका मुर्मू व मंजूरी बीबी, गोड्डा में अजय टुडू व चंपा कुमारी ने अभियान चलाकर ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी।

बिहार रेयाक् सीवन रे बिसआन हा़ण्डी ञू ते पोन हो़ड़ाक् बेण्डाव, आर 11 गो़टेच्को रूवा़क् काना

खोबोरिया

पटना/सीवान। बिहार रे सीवान जिला रेयाक् भगवानपुर थाना टोठा रेयाक् कौडियां पंचायत आर आडेपासे आतो रेन दिगधा़ हालो़त रे पोन हो़ड़को गो़च् आकाना। गेलमित् गो़टेच् हो़ड़को रूवा़क् कान ते रानको ला़गित् सो़दो़र हासपाताल सीवान आर पीएमसीएच पटना तेको कोल आकात्कोआ। नोको रे सो़दो़र हासपाताल रे इरा़ल गो़टेच् हो़ड़को रानेत्कोआ। नोआ घो़टो़ना तायो़म खो़न जिला प्रशासन रेहड़कंच माचाव आकाना। गो़च्एनको हो़ड़ रेन ओवारा़स लेकाते, 12 खो़न ज़ातसी हो़ड़ दो़ बिसआन हा़ण्डी ञू तेको गो़च् आकाना। महाराजगंज रेन एसडीएम अनिल कुमार दो़ नोआ घो़टो़ना रे दुख सो़दो़र तुलुच्ए मेन केदा जे पा़हिल दृष्टया हा़ण्डी ञू तेको गो़च् आकान बुजहा़क् काना। दुसीको रे

केटेच् कार्रवाई होयोक्आ। गो़च्एनको रे कौड़िया वैश्य टोला रेन अरविंद सिंह 40 उमा़र,रामेंद्र सिह 30 उमा़र, माघरा पोखरा रेन संतोष महतो 35 उमा़र रेन आर मुन्ना कुमार 32 उमा़र रेन कानाको। आतो हो़ड़ाक् मेन कानाजे कौड़िया वैश्य टोला रेन अरविंद सिंह दो़ ञिन्दा़ रे गे आकोघारो़ंज रेनको तोपा बायकादेया। बार हो़ड़ाक् मांड़ीं दो़ पोस्टमार्टम ला़गित् सो़दो़र हासपाताल तेको कोल आकादा। नोआघो़टो़ना इदीकाते सीवान रेन डीएम मुकुल कुमार गुप्ता आर एसपी अमितेश कुमार दो़ घो़टो़ना ठा़ई तेको मोहण्डा आकाना। सीवान रेयाक् सो़दो़र हासपाताल रे सो़दो़र एसडीएम सुनील कुमार आरसो़दो़र एसडीपीओ अजय कुमार सिंह दो़ पुलिस बल दो़लको सांवते तो़यनात मेनाक्किना। सो़दो़र हासपाताल सीवान रे नितो़क् इरा़ल गो़टेच् हो़ड़को रानेत्कोआ आर पे हो़ड़ दो़ पटना पीएमसीएच तेको कोल आकात्कोआ। सो़दो़र हासपाताल रे रानेत्को इरा़ल हो़ड़ रे मित् हो़ड़ाक् हालो़त गा़हिर गेया। सांवते गे ओण्डेन एसआई आर एएसआई विरूद्ध विभागीय जांच रेयाक्को हुकुम आकादा।

बिहार रे नाबालो़क गिदरा़ जपला रेलवे स्टेशन रेको रेस्क्यू केदेया, जिमा़ कादेया सीडब्ल्यूसी ठेन

खोबोरिया

पलामू। पूर्व मध्य रेलवे रेयाक् जपला रेलवे स्टेशन रे बालेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ आरपीएफदो़ मित्टेन 12 बो़छो़र रेन गिदरा़को रेस्क्यू केदेया। गिदरा़ दो़ बिहार रेयाक् हजानाबाद रेन ताहेंनो़क् वाला कानाय। सा़गुनमाहां हिलोक् सेताक् 10 बजे आरपीएफ दो़ गिदरा़ सालाक् ते मेदिनीनगर तेको सेटेरेना आर बाल कल्याणसमिति पलामू ठेनको जिमा़ कादेया। गिदरा़ दो़ बाल गृह रेको दो़हो़ आकादेया। काउंसलिंग तायो़म घारो़ंज रेन हो़ड़ जिमा़वाको रेयाक्का़मी होयोक्आ। ञाम आकान खो़बो़र लेकाते रेलवे सुरक्षा बल रेन प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मीणावाक् बातलाव रे सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र प्रताप यादव आर उमेश राम सालाक् ते प्रधान आरक्षी दिनेश कुमार दो़ प्लेटफॉर्म सं या-03 रेय ताड़ाक् आकान ताहेंकाना। उन ओ़कते मोटामुटी 20:50 बजे

ओनको दो़ 12 बो़छो़र रेन रोहिज राज दो़ एकला गे दाड़ाबाड़ाय तुलुच्को ञेल केदे खानको कुली केदेया।

गिदरा़ दो़य लाई केदा जे उनी दो़ बिहार रेयाक् जहानाबाद जिला रेयाक् नेहालपुर आतो रेन ताहेंनो़क् वाला कानाय आर 5 किलास रेन पा़ठवा़ कानाय। उनी दो़ आपनाराक् ओ़बो़सता लाई तुलुच्ए मेन केदा जे उनी आच् गो़गो़ दो़य बेंडाव चुका़वाकाना आर आच् बाबा दो़ हा़न्डी पा़उरा़ काजाके ञुया। उनी दो़ ओ़को़य हो़ं बाको ञेल-ञो़तो़नेदे काना। रोहित दो़ आपनार पेड़ा हो़ड़ ठेने चालाक्कान ताहेंकाना मेनखान डाहारे आत्एन ते जलपा रेलवे स्टेशन तेय सेटेरेना। गिदरा़ दो़ मित्टेन मोबाइल नंबर हो़ंय एम आकाना, नोआ रेको फोनकेदा मेनखान ओन्ते खो़न मित्टेन मायजीउ दो़ उनी गिदरा़ रेनहो़पो़नगो़य लाई एना आरे मेन केदा जे उनी गिदरा़ सोंगे जाहांन लेना-देना दो़ बा़नुक् ताया। ओना तायो़म रेलवे सुरक्षा बल मामलारेको ला़गियापाड़ावेना आर नोवाको गोटा केदा जे गिदरा़ दो़ जाहांलेकानाक् घा़ट जिनिस आर से मानवां पा़ईका़र रे आलोयझा़लीक्मा। गिदरा़ दो़ बिस्किट, जो़माक् आर दाक्को एम बाड़ावादो़। सुरक्षित सालाक् रेस्क्यू तायो़म, रेलवे सुरक्षा बल दो़16 अक्टूबर हिलोक् गिदरा़ दो़ बाल कल्याण समिति पलामू ठेनको जिमा़कादेया, जेमो़न गिदरा़वाक् ञेलञो़तो़न दो़ ठा़ऊका़ दाड़ेयाक्आ। बाल कल्याण समिति रेन रा़सिया़ धीरेंद्र भारती दो़य लाई केदा जे सेताक् 10 बजे आरपीएफ दो़को जिमा़ बादेया। उनी दो़ बाल गृह रेको दो़हो़ आकादेया।

विस चुनाव रे प्री-पोल ड्यूटी ला़गित् पो़नो़त दो़य आम केदा अर्धसैनिक बलकोवाक् 100 कंपनी

खोबोरिया

रांची। विधानसभा चुनाव बाबो़त रे झारखंड दो़ चुनाव आयोगाक् बातलाव रे 100 कंपनी अर्द्धसैनिक बलए पाड़ावेना। नोआ रे सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी आर आईटीबीपी सेलेत् मेनाक्कोआ। नोको बल दो़ पो़नो़त रेयाक् 24 गो़टेच् जिला रे ताड़ांक्कोआ। मिमित् जिला रे 3 खो़न 5 कंपनी अर्द्धसैनिक बल ताड़ांक्कोआ। नोको बल दो़ लैग मार्च, क्षेत्रीय डोमिनेशन, आर चेकिंग लेकान का़मी रेको लागावकोआ, जेमो़न हो़ड़ उपा़र रे सुरक्षा रेयाक् बिसवा़स दो़ ढेरो़क्मा आर भो़ट भोराव

ओ़कते बेबो़सता दो़ चो़खो़ ताहेंन। झारखंड रे 13 आर 20 नवंबर हिलोक् बार हा़टिञ रे भो़ट भोराव होयोक्आ आर से नो़ते भो़ट लेखा दो़ 23 नवंबर हिलोक् होयोक्आ। ताक रे सुरक्षा रेयाक् बेबो़सता निट ला़गित् झारखंड पुलिस दो़ चुनाव आयोग ठेन खो़न 590 कंपनी अर्द्धसैनिक बलए खो़ज आकादा। हें मेनखान, नित हा़बिच् ते मुचा़त् काथा दो़ बाय गोटा आकादा जे झारखंड रे आर तिना़क् कंपनीय ञामा। आसो़ल काथा दो़ नोआ काना जे लोकसभा चुनाव रे झारखंड दो़ 230 कंपनी अर्द्धसैनिक दो़ बमको ञाम लेदा।

चा़सीय गो़च्एन मामला रेको साप् केत्कोआ पे हो़ड़

खोबोरिया

गिरिडीह। आ़लू रो़हो़य खा़तिर बार पाहटा ताला रे होयेन झोगड़ा आर धिरी ते चापात् रे मित्टेन चा़सी मनु भोकताय गो़च्एन मामला रे धनवार थाना पुलिस दो़ सा़गुनमाहां हिलोक् सारण आतो रेयाक्विश्वकर्मा घारो़ंज रेन पेया रा़सिया़को साप् केत्कोआ। पुलिस दो़पेने हो़ड़ ठेन पूछताछ रेको लागावाकाना। विश्वकर्मा घारो़ंज सेच् खो़न पुलिस दो़ नित दारखास ञाम रेयाक्को ता़गीयेत् काना। मामला रेयाक् ला़गियापाड़ाव ञेलाते पुलिस दो़ गो़च् एन नाखा रेयाक् फर्द बयान आंजो़म काते दोसार पाहटा उपा़र रे केस दर्ज कातेको कार्रवाया। बानार

पाहटा रेन घा़ल आकानकोवाक् रान-मुरगा़न दो़ सदर अस्पताल रे चालाक् काना। घो़टना तायो़म खो़न गे आतो रे धनवार पुलिस दो़ नित हो़ं कैंपको लागाव आकात् गेया। हें मेनखान, आतो रेयाक् माहौल दो़ नित थिर आकाना। थाना प्रभारी सत्येंद्र पॉल दो़ ला़ई केदा जे आ़लू रो़हो़य खा़तिरबालेमाहां हिलोक् आ़युप् बेर बार पाहटा ताला रे झोगड़ा होय लेना। लाहा दो़को बाता-बा़तीयेना। ओना तायो़मको दाल एना आर धिरीको तेकोचापात् बाड़ावाकान रेयाक् घो़टना होय एना। नोआ रे रान-मुरगा़नओ़कते मित् हो़ड़ दो़य गो़च् एना आर 8 हो़ड़ दो़ आ़डी ञा़सतीकोञो़खो़माकाना। उनी दो़य ला़ई केदा जे लाहा हो़ं ओना प्लॉट इदि काते बानार पाहट रेन नोटिसको कोलात्को ताहेंकाना। नित लाहा सेयाक् कार्रवाई होयोक् काना।

लातेहार रे तुरूई गो़टेच् बो़दमासको साप् एना, मो़ड़ें गो़टेच् हा़थियार ञाम एना

खोबोरिया

लातेहार। एसपी कुमार गौरव दो़ ऊकूचुकू तेय बाडायलेत् आधार रे पुलिस दो़ सेंदरा हा़तड़ा़उ काते अपराधीकोवाक् मित् दो़ल रेनको साप् केत्कोआ। पुलिस दो़ दो़ल रेन 6 गो़टेच् बो़दमासको साप् आकात्कोआ। नोको ठेन खो़न पोनया देशी राइफल मित्टेन देसी रिवाल्वर आयमा गोली आर नक्सलीकोवाक् वर्दीको ञाम आकादा। साप्एन अपराधीको रे मनिका रेयाक् जूंगुर रेन अपराधी अनिल यादव आर जावेद अंसारी, सदर थाना रेयाक् मानिकपुर रेन सागर यादव, शिवनंदन यादव, लातेहार स्टेशन रेन अखिलेश यादव आर बालूमाथ रजवार रेन मिथिलेश यादव सेलेत् मेनाक्कोआ। डीएसपी भरत राम दो़ बुधवार हिलोक् खो़बो़रिया़कोय ला़यात्कोआ जे एसपी कुमार गौरव दो़ बाडाय लेदा जे मनिका थाना टोठा रेयाक् जूंगुर

आतो रेन अपराधी अनिल यादव दो़ मित् जुदा़ प्रतिबंधित क्रियावादी उग्रवादी संगठन बेनाव काते क्षेत्र रेबो़तो़र भो़यो़ने पासनावेत् काना। अपराधी होतेते हो़ड़को बो़तो़र ओचोको धामकावको ते रो़ंडदारी टाकाको उठा़वेत् काना। नोआ सूचना तायो़म एसपीयाक् हुकुम रे पुलिस टीम बेनाव काते अपराधी खिलाफको सेंदरा केदा। नोआ ओ़कते पुलिस दो़ जूंगुर आतो सोर बिरगाजाड़ खो़न अनिल यादव दो़को साप् केदेया। अनिल यादवको कुली केदे रे आयाक् संगठन रेन एटाक् आरकोवाक् ञुतुम होंय लाई केदा। इना़ तायो़म पुलिस दो़ जुदा़-जुदा़ जायगा रे सेंदरा काते दो़ल रेन ञो़तो़ 6 गो़टेच् अपराधीको साप् आकात्कोआ। पुलिस दो़ अपराधीयाक् निशा़नदेही रे लातेहार सो़दो़र थाना टोठा रेयाक्मानिकपुरा आतो रे सेंदरा काते अपराधीको होतेते ओकोवाकात् ताहेंन पोनया देशी राइफल, मित्टेन देसी रिवाल्वर, पोनया गोली, चितकबरा वर्दी घालो़क् आयमा सामान हो़ंको ञाम केदा। डीएसपी दो़य ला़ई केदा जे साप्एन अपराधी कुली केत्को रेको ला़ई केदा जे नोको हो़ड़ होतेते प्रतिबंध प्रतिवादी नक्सली संगठनको बेनाव लेदा आरनक्सली ञुतुम रे रो़डदारी टाकाको उठा़उ बाड़ायेत् ताहेंना। डीएसपी दो़य मेन केदा जे अपराधीकोवाक् आपराधिक इतिहास हो़ंताहेंयाकाना। सेंदराय रे मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, सत्येंद्र कुमार रंजन पासवान समिति रेनाक् हो़ं ञा़रूड़ान का़मी गो़ड़ों ताहेंयेना।

आरपीएफ दो़ नाबालिग कुड़ीको बाञ्चाव केदेया

खोबोरिया

रांची। रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ दो़ मित्टेन नाबालिग कुड़ी मित्टेन ठेन खो़नको बाञ्चाव आकादेया। रांची रेन मण्डल सुरक्षा आयुक्त पवन सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार दो़ लोकल पुलिस चान्हो ठेन खो़ने बाडाय केदा जे मित् हो़ड़ दो़ आच् सांवते मित्टेन नाबालिग कुड़ीय आ़तकिर आकादेया, नोआ रेयाक् केस थाना रे ला़लिस राकाप् आकाना। उनीयाक् लोकेशन हटिया सोर रे उदुगो़क् काना। बाडायसांवते गे उनी दो़ तुरा़त आरपीएफ हटिया

रेयाक् रेलवे स्टेशन रे ञामेन फो़टो़ लेकाते सेंदरा लाड़ावना चालाव रेयाक्कोहुकुमात्कोआ। आरपीएफ हटिया होते सेंदरा हा़तड़ा़उ अभियान ओ़कते ञेल एना जे प्लेटफॉर्म नंबर 2 रे मित्टेन नाबालिग कुड़ी सांवते मित्टेन बाबा हो़ड़े दुड़ुप् आकान ताहेंना, आर बानाहो़ड़ लोकल पुलिस चान्हो होते एमात्को ताहेंन फो़टो सांवतेको मिला़उ केदा आर उनी कुली केदे रे रवि मुंडा ञुतुमे ला़ई केदा। उनी दो़ चान्हो रेनकानाय। मामला दो़ लोकल पुलिस चान्हो रे ला़ई आकाना। साप्एन हो़ड़आर पीड़ित बानार दो़ मो़ंज ते चान्हो पुलिस ठेनको जिमा़कात्किना।

बाबा सिद्दीकी गो़च् आकादे रेयाक् तार दो़ जोड़ाक् काना दाऊद इब्राहीम सोंगे.....मायानगरी रे भो़यो़न पासनाव रेयाक् पोन्था

खोबोरिया

मुंबई। बाबा सिद्दिकी गो़च् आकादे रेयाक् मामला दो़ नित हो़ं आ़ञ्झा़उ आकान गे मेनाक्आ। बाबा सिद्दिकी दो़ चेदाक्को गो़च् केदेया, चेत् ओ़जे ताहेंकाना, नोआ बाबो़त रे नित संशय दो़ बेनाव आकान गेया। मेनखान नित पुलिसाक् एतो़हो़प् जांच रे आ़डी माराङ काथा सो़दो़र आकाना। मुंबई पुलिस दो़ बाबा गो़च् आकादे रे अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिमाक् कनेक्शनको ञाम आकादा। पुलिसाक्एतो़हो़प् जांच रे बाडायाकाना जे सिद्दीकी गो़जे रेयाक् मित्टेन मकसद दो़ सलमान खान सांवते गोटा मुंबई आर मायानगरी रे भो़यो़न पासनाव आर अंडरवर्ल्ड आर दाऊद हा़बिच् हो़ं काथा सेटेर ओचोय गे ताहेंकाना।

मुंबई पुलिस दो़को मेनेत् काना जे शूटर्स दो़ 28 दिन रे 5 धाव बाबा सिद्दीकीयाक् ओड़ाक् आर द तार रे हो़ं ता़नखीय ला़गित्को चालाव लेना। बाबा सिद्दीकीयाक् ओड़ाक् आर द तर आडे-पासे आयमा घंटाकोतेंगोक्कान ताहेंकाना आर मिमित् जिनिसको ट्रैकएत्कान ताहेंकाना। ओना तायो़म गे शूटर्स दो़

बाबा सिद्दीकी गो़जे ला़गित् दशहरा रेयाक् दिनको बाछाव केदा। मुंबई पुलिस रेन खो़बो़रिया़को ला़ईयेत् काना जे जीशान दो़ मुंबई खो़न बाहरे खो़न ञो़तो़ ऑपरेशनएकॉर्डिनेटएत्कान ताहेंकाना। शुभम रेन बो़को़त कोड़ा प्रवीण दो़ पुणे खो़न शूटरकोय आगुआटोकात्को ताहेंकाना। शुभम गे शूटरदो़ पायसाय एमात्को ताहेंकाना। एकेन नोआ मो़तो़ दो़ बाङ बाबा सिद्दीकी गो़जे ला़गित् खान्डाबान्ञा दो़ पंजाब खो़न हेच् लेना। पुलिस दो़ दिगधा़मेनाक् ताकोआ जे पाकिस्तान आर से नेपाल खो़न नोआ खेप दो़ जीशान हा़बिच् सेटेराकाना।

पुलिसाक् लाई लेकाते बाबा सिद्दीकी उपा़र रे गुली चालाव वालागो़गो़इच् शिवकुमार गौतम दो़ लॉरेंस बिश्नोई गैंग खो़न सिग्नल,टेलीग्राम आर स्नैपचैट रे संदेश हेच्आयकान ताहेंकाना। शिव कुमारदो़ बिश्नोई गैंग गे हुकुम दो़को एमादे ताहेंकाना। आर से नो़ते खो़बो़र दो़ बा़की शूटरकोय ला़याकोकान ताहेंकाना। शूटर्स दो़ प्लानिंग ओ़कते गेय ला़याकोकान ताहेंकाना जे टारगेट दो़य ओ़को़य काना मेनते आर चेदाक् गो़जे होयोक्आ? बाबा सिद्दीकी गो़च् केदेतायो़म दुसी शिव दो़ उज्जैन ठेन खो़न ओंकारेश्वर चालाव काते लारेंस गैंग रेन मित्टेन गुर्ग सोंगे ञापामो़क्ए चालावाकान ताहेंकाना। पुलिस खो़बो़रिया़को मेनेत् काना जे पंजाब पटियाला जेल खो़न गे जीशान दो़ गुरमेल सोंगेय ञापाम लेना। जीशान गे गुरमेल दो़ लारेंसगैंग रेय सेलेत् आकादेया।

विधानसभा चुनाव दारायकान ते रांची रे 23 नवंबर हा़बिच् बारो़नआनाक् ला़गू ताहेंना

खोबोरिया

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव रेयाक् ओडोडेन सांवते प्रशासन दो़ पुरा़उ तेय ला़गीया़ पाड़वाकाना। नोआ ओ़कते रे राजधानी रांचीविधानसभा टोठा रे मो़ंज ते चुनाव आर शान्ति माहौल दो़हो़य ला़गित् ते बारो़नाआनाक्को ञा़री आकादा। चुनाव मुचा़दो़क् हा़बिच् भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता रेयाक् धारा - 163 रे एमाकान दाड़ेको बेवहार तुलुच् रांची सदर अनुमंडल ताला तेयाक् ञो़तो़ विधान सभा टोठा रे बारो़नतेयाक्को ञा़री आकादा। रांची रेन सदर अनुमंडल दंडाधिकारी उत्कर्ष कुमार होतेते राजधानीरे बारो़न ए ञा़री केदा। डीसी कार्यालय खो़न बालेमाहां हिलोक् ढेर ञिन्दा जारीयेन खो़बो़र रे ला़ई आकाना जे बारो़न तेयाक् दो़ 23 नवंबर ञिन्दा सेच् 11:00 बजे हा़बिच् ञा़री गे ताहेंना। हुकुम रे ला़ई आकाना जे भारत निर्वाचन आयोग होतेते विधान सभा निर्वाचन 2024 रेयाक् सारसादले आकाना आर सारसादले हिलोक् खो़न गे आदर्श आचार संहिता एहो़बो़क् काना। नोआ ओ़कते रे आयमा राजनीतिक दो़लको आर प्रत्याशिको होतेतेचुना़व पो़रचार ला़गित् ते जनसभा, मिछिल ओराम

होयोक्आ। जनसभा आरमिछिल रे राजनितिक प्रतिद्वंदिता आर हापाराव रेयाक् कारो़न शस्त्र आर दाड़े उदुक् काते भो़ट एमो़क्को चापो़ट आर बो़तो़र ओचोको रेयाक् आर विधि-व्यवस्था रा़पुदो़क् रेयाक् एकालहोय दाड़ेयाक् बानाव ताहेंन काना। नोआ छाडा भो़ट एमो़क्कोबो़तो़र, धामकावको, मित् ञा़ति रेन आर धो़रो़म रे झागड़ा भावना पासनाव ला़गित् बा़ड़िच्आक् जिनिसको ला़गीया़ पाड़ावाकान कारो़न विधि-व्यवस्था रेयाक् मुसकिलाक् ओमोन होय दाड़ेयाक्आ। नोआ इया़ते हो़ड़ाक् शा़ति भांगाव दाड़ेयाक्आ। नोआ इया़ते अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, उत्कर्ष कुमार होतेते मो़ंज ते चुनाव आर शा़ति माहौल ला़गित् ते चुनाव रेयाक् का़मी मुचा़त् हा़बिच् भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) रेयाक् धारा - 163 रे एमाकान दाड़ेको रेयाक् बेवहार कातेक् रांची सदर अनुमंडल ताला तेयाक्ञो़तो़ विधान सभा टोठो रे बारो़न तेयाक् जारीय तुलुच् नोवाको हुकुम जारी आकाना।

जारी हुकुम लेकाते, जाहांय हो़ड़ गे राजनितिक दो़ल, संगठन, उम्मीदवार आर अभ्यार्थी होतेते राजनीतिक मोतलोब सांव जोनो़ड़ाव जाहां लेकानाक् जारवा, मिछिल, धरना-प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारीयाक् हुकुम ते बाङ ओरामो़क्आ। मिछिल रे जाहांय हो़ड़ ठेन जाहां लेकानाक् लासेर खान्डा-बान्डा (अस्त्र एवं शस्त्र) ओका दो़ मानवां हो़ड़मो़ ला़गित् ते घातक गे नोआ ला़गित् बारो़न आकाना। सांवते गे साडे पासानाक् ध्वनि लेकान जिनिस रेयाक् बेवहार ञिन्दा 10 बजे खो़न सेताक् 6:00 बजे हा़बिच् बारो़न ताहेंना। नोआ छाडाभारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) रे परिभाषित जाहां लेकान दो़स आर शा़ति भो़ंग रेयाक् मोतलोब ते मो़ड़े गो़टेच् आर ओना खो़न ञा़सती हो़ड़ जाहां जायगा रे मित् ठेन बाडको जारवा दाड़ेयाक्आ। नोआ हुकुम दो़ पूर्वानुमति ञाम सभा, मिछिल, बापला, बा़रया़त पार्टी,गो़च् हो़ड़ आसेन, हाट -बाजार आर हास्पताल इदियेदेकान रूवा़ हो़ड़ सांव -सांवते चालाक्कान हो़ड़को आर विद्यालय आर महाविद्यालय चालाक् पा़ठवा़को आर कर्तव्य रे तोयनात सरकारी कर्मचारी, पुलिस दो़ल रे लागू बाङ ताहेंना।

पेरेच् कॉन्सर्ट खो़ने दा़ड़ केदा प्रियंका चोपड़ा आच् जावांय निक जोनास, खतरा रे मेनाक्आ सिंगराक् जिवी ?

खोबोरिया

मुंबई । बॉलीवुड रेन देसी गर्ल मेनतेको मेतावाय प्रियंका चोपड़ा आच् जावांय निक जोनास दो़ निया़ ओ़कते मित् जुदा़ ओ़जे ते चारचा रे मेनाया। उनीयाक् कॉन्सर्ट रेयाक् मित्टेन वीडियो निया़ ओ़कते सोशल मीडिया रे वायरल पासनाक् काना। निक दो़ हॉलीवुड रे मित् लोकप्रिय गायनाहा रूप रेय बाडायो़क् काना। सोर दिन गे मित् कॉन्सर्ट रे उनी दो़ परफॉर्मेंस बा़गीकाते स्टेज खो़न दा़दा़ड़ होयेनताया। आयमा वीडियो सामाङ हिजुक् काना।

कॉन्सर्ट रे निक जोनासाक् वीडियो वायरल

निक जोनस दो़ निया़ ओ़कते आयाक् यूजिक कॉन्सर्ट वर्ल्ड टूर रे मेनाया। सोर दिन गे जोनास ब्रदर्सआक् मित् शो ओराम लेना। नोआओ़कते मित् जुदा़ घो़टो़ना घाटाव एना। निक दो़ तुरा़ते आटकार केदा जे लाइव परफॉर्मेंस ओ़कते ओ़को़य चो़ उनी लेजरलाइट ते निशा़नाय बेनाव आकादेया आर उनी दो़ तुरा़त कॉन्सर्ट खो़ने दा़ड़ केदा। निक जोनास दो़ आच् सांवते सुरक्षा गार्डकोय सचेत केत्कोआ आर मंच खो़न फेड काते बाहरे सेच्ए दा़ड़ केदा। नोआ वीडियो नोआ ओ़कते सोशल मीडिया रे पासनाक् काना। नुना़क् गे बाङ,वायरल वीडियो रे नोआ हो़ं साफा ते ञेलो़क् काना जे चेकाते निक दो़लेजर लाइट ते निशा़नाको बेनाव केदेया। निक जोनास दो़ नोआ लेकाकॉन्सर्ट बा़गीकाते सेनो़क् तायो़म फैंस दो़ सिंगराक् सुरक्षा ला़गित् चिंता़य सो़दो़र आकाना। नितो़क् फैंस सांव सांवते नेटिजन्स हो़ं निक जोनासाक् सुरक्षा रे कुकलीको राकाएत् काना। नोआघो़टो़ना तायो़म जोनास ब्रदर्श दो़ आयाक् शो तुरा़त बो़द हो़येनताया। नोआ तायो़म तिन रे सुरक्षा गार्ड दो़को सेंदरा केदा तो़बेबाडायेना जे लेको खो़न मित् हो़ड़ दो़ निकआक् बो़हो़क् रे लेजर लाइट । उनी हो़ड़ दो़ कॉन्सर्ट खो़न बाहरे तेको इदी केदेया आर थोड़ा घा़ड़ी तायो़म कॉन्सर्ट आरहों एहो़प् एना।

7 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी गिरफ्तार

सरैयाहाट । थाना कांड संख्या 25/2017 में सात वर्षों से फरार चल रहें पिंटू यादव ग्राम पगवारा को बुधवार को हँसडीहा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पिंटू की गिरफ़्तारी हँसडीहा पुलिस के द्वारा न्यायलय द्वारा वारंट जारी करने के बाद की गई। जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 में पिंटू यादव के खिलाफ सरैयाहाट थाना में आईपीसी की धारा 341, 323, 387, 507, 427 के तहत मामला दर्ज हुआ था।

युवक का शव गढ्ढे से किया बरामद

हंसडीहा। हंसडीहा रेलवे स्टेशन से पुलिस ने एक युवक का शव लावारिस अवस्था मे गढ्ढे से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। शव की शिनाख्त युवक के पास से मिले वोटर कार्ड से जरमुंडी थाना क्षेत्र के दो मुही गांव निवासी मंटू दास के रूप में की गई है। बुधवार शाम स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई कि एक युवक का शव रेलवे स्टेशन के समीप गढ्ढे में पड़ा हुआ है सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना के अवर निरीक्षक एलबी पासवान सहायक अवर निरीक्षक बीएन सिंह घटना स्थल पर पहुँच शव को कब्जे में ले लिया साथ ही पोस्टमार्टम के लिये दुमका भेज दिया। वहीं घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी प्रकाश सिंह द्वारा बतलाया गया कि युवक के शरीर में चोट के निशान मिले हैं आशंका जताई जा रहा है कि ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही पता चल पाएगा कि युवक की मौत कैसे हुई है।

अवैध बिजली जलाते चार पर हुई प्राथमिकी

जामा। जामा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में विद्युत विभाग की टीम ने मंगलवार को छापेमारी कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर गांव में छापेमारी के दौरान रंजीत यादव पर 7750 रुपये का जुर्माना लगाया है। धनाडीह गांव में रामवतार मांझी पर 8750 रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही चिकनिया गांव के वासुदेव मंडल एवं रामनिवास मंडल पर 17700 रुपये का जुर्माना लगाते हुए कनीय अभियंता नितेश कुमार द्वारा कांड संख्या 86/24 के तहत भादवि की धारा 135, 136 भारतीय विधुत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। छापेमारी दल में कनीय अभियंता के अलावे आउटसोर्सिंग से टीपू प्रसाद, बिनोद कुमार, अमरनाथ मंडल एवं कुबेर प्रसाद राय मौजूद थे।

एसकेएमयू ने जारी की फॉर्म भरने की तिथि

दुमका । सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने कुल छह परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी है, जिसमें एमबीए और एमसीए सेमेस्टर-2, बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-2 तथा एमबीबीएस फर्स्ट प्रोफेशनल और एमबीबीएस थर्ड प्रोफेशनल की परीक्षाएं शामिल हैं। छात्र एमबीए और एमसीए सेमेस्टर-2 के लिए 18 से 23 अक्टूबर तक, बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-2 और एमबीबीएस फर्स्ट प्रोफेशनल के लिए 20 से 25 अक्टूबर तक तथा एमबीबीएस थर्ड प्रोफेशनल के लिए 21 अक्टूबर तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

देवी माता लक्ष्मी के पूजा की तैयारी पूरी

मसलिया । मसलिया प्रखंड क्षेत्र के झिलुवा व जेरूवाखिलकनाली गांव में धन संपदा की देवी माता लक्ष्मी की पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है। माता की प्रतिमा को पंडाल में प्रतिस्थापित कर रात्रि पूजा अर्चना की जाएगी। माता लक्ष्मी की इस दो दिवसीय पूजा को लेकर गांवों में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। मसलिया के झिलुवा गांव में एक शताब्दी से दत्ता परिवार के लोग यहां माता की पूजा नेम निष्ठा से मनाते आ रहे हैं। वहीं जेरूवाखिलकनाली गांव में तीस सालों से मां की पूजा किया जा रहा है। रात्रि को पुरोहित के मंत्रोच्चारण से पूजा श्रद्धालु लोग करेंगे। दो दिनों तक पूजा के पश्चात मूर्ति विसर्जन के साथ लक्ष्मी पूजा का समापन हो जाएगा। पूजा की तैयारी में नंदलाल दत्ता, हराधन दत्ता,गंगाधर पाल, जितेन राय, नदियानन्द दत्ता हेमगोपाल दत्ता राजेश दत्ता यादब दत्ता आनंद दत्ता समीर दत्ता आदि भक्तजन जुटे हुए हैं।

बाइक से गिरने से दो युवक घायल

जरमुंडी । जरमुंडी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में कुल चार व्यक्ति घायल हो गए। पहली घटना जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बासुकीनाथ- दुमका मुख्य सड़क मार्ग में बासुकीनाथ बस स्टैंड से आगे बेहरन के निकट घटित हुई। बुधवार की शाम हुई मूसलाधार बारिश की वजह से सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। बाइक सवार दोनों घायल युवक की पहचान जामताड़ा निवासी दीपक कुमार और सुरेश बैठा के रूप में हुई। दीपक कुमार ने बताया कि अपने मित्र सुरेश के साथ जरमुंडी में अपने रिश्तेदार से भेंट करके वापस अपने एक अन्य रिश्तेदार से मिलने काठीकुंड जा रहे थे। यह घटना बुधवार की शाम पांच बजे के करीब घटित हुई। बताया कि बारिश की वजह से सड़क पर बाइक के फिसलने से यह घटना हो गयी। आसपास के लोगों ने जरमुंडी थाना को इसकी सूचना दी। जरमुंडी थाना के वाहन की मदद से दोनों घायलों को बासुकीनाथ नंदी चौक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना में बोगली मोड़ के निकट सुबह के समय टहलने के क्रम में राजू महतो और छोटू कुंवर नामक दो युवा घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों सुबह के समय टहल रहे थे इस दौरान पीछे से एक अज्ञात बाइक सवार उन्हें धक्का मार कर भागने में सफल रहा। दोनों घायलों की बासुकीनाथ नंदी चौक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा की गयी। दोनों को हल्की फुल्की चोट आई थी। अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

श्रीरामलीला महोत्सव का आयोजन होगा

जरमुंडी । जरमुंडी प्रखंड अन्तर्गत बाबुटोला भगवती मंदिर के समीप श्री रामायण प्रचारक मंडल वाराणसी द्वारा श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के संचालक धीरज कुमार ने बताया कि आश्विन पूर्णिमा की रात्रि से इसका शुभारंभ होगा। जिसमें भगवान श्रीराम जन्म उत्सव लीला दिखाया जायेगा। यह कार्यक्रम प्रत्येक दिन संध्या सात बजे से रात्रि ग्यारह बजे रात तक चलेगा। इस रामलीला महोत्सव का समापन रावण वध के साथ आगामी 24 अक्टूबर गुरूवार को होगा। समस्त ग्रामीणों के सहयोग से रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके सफल संचालन में आयोजक समिति के दर्जनों सदस्य तन-मन-धन से लगे हुए हैं।

डीसी ने अविलंब मेडिकल बोर्ड गठन का दिया निर्देश

कहा - अस्वस्थ बताने वाले कर्मियों का ड्यूटी से छूट दिए जाने का फैसला लिया जा सके

संवाददाता

दुमका । भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विधान सभा आम चुनाव की घोषणा दिनांक-15.10.2024 को कर दी है। घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने समाहरणालय सभागार में विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर गठित कोषांग के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर

कई आवश्यक निदेश दिए।

उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में 20 नवंबर को जिले में मतदान है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी कोषांग अपने कार्यों को ससमय पूर्ण कर लें।प्रशिक्षण कोषांग मतदान दल के प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण कर लें।

प्रशिक्षण के दौरान निश्चित रूप से ईवीएम जोड़ने, मॉक पोल सहित मतदान दिवस के दिन उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी जाय। जानकारी दी गयी कि 19 अक्टूबर से प्रशिक्षण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अविलंब मेडिकल बोर्ड का भी गठन किया जाय ताकि मेडिकल बोर्ड के रिपोर्ट के आधार पर अपने आप को अस्वस्थ्य बताने वाले कर्मियों को विधानसभा आम चुनाव-2024 में ड्यूटी करने या ड्यूटी से छूट दिए जाने का फैसला लिया जा सके।

उन्होंने कहा कि स्वीप कोषांग व्यापक प्रचार प्रसार कर 20 नवंबर को जिले के मतदाताओं को अपने घरों से निकलकर मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

लोकतंत्र के त्यौहार में हर एक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे, इसे प्रचार प्रसार के माध्यम से सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने सामग्री कोषांग, एमसीएमसी कोषांग, वाहन कोषांग, एमसीसी कोषांग सहित अन्य कोषांग की समीक्षा की एवं आवश्यक निदेश दिए।

फोन से हुआ प्यार, फिर यौन शोषण के बाद शादी, फिर अपनाने से इनकार, आरोपी को जेल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

सरैयाहाट । थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव से एक महिला के साथ फोन पर प्यार का इजहार, फिर यौन शोषण के बाद शादी करने के उपरांत अपनाने से इनकार करने की घटना सामने आयी है। जिसको लेकर पीड़िता ने सरैयाहाट थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना में दिए आवेदन में पीड़िता ने सरैयाहाट पुलिस को बताया कि आरोपी युवक बिहार के पूर्णिया जिला के गोरियार थाना क्षेत्र के तीनटंगा गांव के रहने वाले रौशन कुमार मंडल ने फोन पर पहले दोस्ती की। उसके बाद यौन शोषण किया। इसी क्रम में 13अक्टूबर को दुर्गा पूजा के दौरान सरैयाहाट स्थित मेरे गांव

बाबूपुर में ही ग्रामीणों के सामने मांग में सिंदूर भरकर शादी की। शादी करने के बाद मुझे अपने घर अपने साथ ले जाने से मना करते हुए अपनाने से इनकार कर दिया।

पीड़िता ने बताया कि 3 अक्टूबर 2024 को भागलपुर स्थित एक होटल में उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाया। इस दौरान आपत्तिजनक अश्लील तस्वीर भी ली। इसके बाद दुर्गा पूजा में सरैयाहाट नहीं बुलाने पर युवक ने मरने की बात कहकर अपनी जान देने की धमकी दी।

इसके बाद वह सरैयाहाट स्थित मेरे गांव आया। मामले को लेकर सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद ने बुधवार देर शाम को बताया कि पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला

संवाददाता

हंसडीहा। पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के बनियारा गाँव स्थिति एक मकान से एक व्यक्ति का शव फाँसी के फंदे से झूलते हुए बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को हंसडीहा थाना पुलिस को बनियारा गांव के ग्रामीणों ने सूचित किया कि गांव के एक बंद घर से दुर्गंध निकल रहा है। सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना पुलिस बनियारा गांव पहुंची और घर का दरवाजा तोड़ा तो अंदर गृह स्वामी ब्रजेश कुमार फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। उसने कब फांसी लगाया यह किसी को पता नहीं क्योंकि वह घर में अकेले ही रहता था। उसकी मां और

अन्य भाई हंसडीहा और दुमका में रहते हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए लेकर दुमका के फूलोझानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया। खबर लिखें जाने तक इस मामलें में थाना को किसी प्रकार की लिखित आवेदन नहीं प्राप्त हुआ था।

दुमका में दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग

संवाददाता

दुमका । शहर के रसिकपुर चौक पर बुधवार को दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग की घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। बाइक सवार दो अपराधियों ने एक बुजुर्ग महिला से चेन छीनकर फरार हो गया जिससे महिला घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, महिला अपने बेटे अजय कुमार के साथ बाज़ार से घर लौट रही थी, जब स्टेशन रोड की ओर से आए बाइक सवारों ने अचानक हमला कर चेन खींच ली। घटना के दौरान महिला गिरकर चोटिल हो गई। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी। पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है।

19 दिन पूर्व दफनाये गये शव को जमीन खोदकर निकाला गया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

जामा । जामा थाना पुलिस ने बुधवार को लगला पंचायत के बैसा जोरिया से पुलिस ने मजिस्ट्रेट सह सीओ अशोक बड़ाईक की उपस्थिति में शव को जमीन खोदकर निकाला गया। जानकारी के अनुसार मृतक रघु किस्कू उम्र 35 वर्ष की पत्नी लुखी हेम्ब्रम ने मंगलवार को थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया कि 27 सितंबर की शाम को गांव के ही रविन्द्र हेम्ब्रम ने उसके पति को मछली पकड़ने के लिये ले गया। थोड़ी देर के बाद गांव के ही तापस बास्की के द्वारा सूचना मिला कि उसका पति जोरिया के किनारे बेहोश पड़ा हुआ है। जाकर देखा तो पाया कि मछली के जाल में लपेटा हुआ घायल अवस्था में पड़ा पाया। तुरंत 108 एम्बुलेंस बुलाया गया। लेकिन एम्बुलेंस के स्टाप द्वारा बताया गया कि वह मर चुका है। 28 सितंबर को उसको परिजनों द्वारा बैसा जोरिया के पास दफना दिया गया। इससे पूर्व परिजनों ने पाया कि मृतक के शरीर पर काफी जख्म के निशान हैं। अंडकोष भी फुला हुआ पाया। गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई पायी गयी। शव को दफनाने के उपरांत 2 अक्टूबर को गांव में पंचायती बुलायी गयी। जिसमें पंचों द्वारा बार बार पूछने पर भी आरोपी रविन्द्र बास्की द्वारा साफ साफ कुछ नहीं बताया गया। इसके उपरांत मृतक की पत्नी द्वारा पुलिस को सारे बातों से अवगत कराया गया। जिसपर कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी अजीत कुमार ने सीओ अशोक बड़ाईक की उपस्थिति में जेसीबी की मदद से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिये भेजवाया।

विधानसभा चुनाव के सफल संचालन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

संवाददाता

रानीश्वर । विधानसभा चुनाव के सफल संचालन को लेकर प्रखंड सभागार रानीश्वर में बुधवार को सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने पंचायत सचिव, जनसेवक एवं रोजगार सेवकों के साथ बैठक कर आदर्श आचार संहिता की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कर्मचारियों को आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू करने के लिए सरकारी भवनों से राजनीति दलों का बैनर, पोस्टर एवं होडिंग को हटाने का आदेश दिया। साथ ही मतदान केंद्रों में पेयजल, बिजली एवं मतदाताओ के लिए अन्य सुविधा सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक के पश्चात सहायक निर्वाचन

पदाधिकारी सह बीडीओ ने यहां के सभी 88 मतदान केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं को लेकर बीएलओ को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जनसेवक विश्व नाथ सिंह, हरिसाधन दत्त, पुष्पेन मिश्र, जय अर्नेस्ट मरांडी, रोजगार सेवक प्रकाश मंडल, गोबिन्द माझी, यगबन्धु मंडल, निर्मल साधु के साथ सभी जनसेवक पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक मौजूद थे।

दुर्गा मंदिर में की गई कोजागरी लक्ष्मी पूजा

संवाददाता

रानीश्वर । सादीपुर के लायेक पाड़ा स्थित दुर्गा मंदिर में बुधवार को कोजागरी लक्ष्मी पूजा में भक्तों का भीड़ उमड़ी है।पुरोहित विश्वजीत चक्रवर्ती एवं सौमेन चक्रवर्ती ने यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कर रहा है। विगत 15 साल से यहां पूजा आयोजित होती है । सहायक अध्यापक नंददुलाल लायेक ने बताया है कि गुरुवार को यहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ,नृत्य गीत ,आयोजित होगी ।गांव के बैरागी पाड़ा स्थित लक्ष्मी मंदिर में मूर्ति स्थापित कर पूजा हो रही है । यहां सैकड़ों साल से पूजा होती है । उधर रघुनाथपुर स्थित दुर्गा मंदिर में काफी उत्साह के साथ लक्ष्मी पूजा आयोजित हो रही है ।यहां पांच दशक से हाजरा परिवार लक्ष्मी पूजा करते आ रहा है।

पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करने में परेशानी नहीं हो इसके लिए विशेष व्यवस्था : मनोज

संवाददाता

दुमका। झारखंड राज्य पेंशनर समाज जिला शाखा दुमका ने बुधवार को मासिक बैठक में इस जिला के राज्य संघ में निर्वाचित पदाधिकारी का सम्मान किया गया तथा भारतीय स्टेट बैंक दुमका के मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र कुमार का स्वागत सह अभिनंदन भी किया गया।इस अवसर पर सचिव तारणी प्रसाद कामत ने धनबाद जिला के पेंशनर समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कम समय में शानदार ढंग से राज्य सम्मेलन को संपन्न करा कर प्रेरणादायी जिम्मेवारी का निर्वहन किया है इसके लिए धनबाद जिला के तमाम साथियों का अभिनंदन करता हूं ।उन्होंने राज्य संघ का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने दुमका जिला संगठन से पांच पांच पदाधिकारी का चयन कर यहां के पेंशनरों को, उनके सांगठणिक क्षमता को सम्मानित कर हमें गौरवान्वित किया है ।

अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ठाकुर ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी से अपील किया कि जिस आशा के साथ राज्य कमेटी ने उनके ऊपर सांगठनिक कार्य भार सौपा है उसे वह पूरी लगन एवं

निष्ठा के साथ पूरा करेंगे क्योंकि इसमें इस जिला का प्रतिष्ठा भी जुड़ा हुआ है ।नवनिर्वाचित राज्य पदाधिकारी लक्ष्मीकांत ठाकुर उपाध्यक्ष ,तारणी प्रसाद कामत संपादक, बालकिशोर कापरी राज्य सचिव, मनोज कुमार मिश्रा संगठन सचिव ,एवं माधव कुमार सिंह प्रमंडलीय सचिव को माला पहनाकर तथा पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया । एसबीआई मुख्य शाखा के नव पदस्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र कुमार को सभा स्तर पर पहुंचते ही अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष मनोज जी ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया तथा सचिव ने माला पहनाकर स्वागत किया । मनोज कुमार मिश्रा ने सदन को अवगत कराया कि इस बार पेंशनरो को जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करने में परेशानी एवं दिक्कत नहीं हो इसके लिए नव पदस्थापित मुख्य प्रबंधक माननीय श्री वीरेंद्र कुमार के द्वारा विशेष व्यवस्था किया गया है इसके लिए पेंशनर समाज अभी से आभार व्यक्त करता है। मुख्य प्रबंधक ने अपने संबोधन में जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करने में पेंशनरों को धैर्य रखने की अपील करते हुए कहा कि 1 नवंबर से 30 नवंबर के बीच आराम से सभी पेंशनर अपना जीवन प्रमाण पत्र समर्पित कर देंगे बैंक पेंशनरों की सुविधा के लिए उम्र के आधार पर पांच समूह का निर्माण कर तिथियों का निर्धारण के द्वारा दो दो काउंटर बना कर सहूलियत से लिया जाएगा।

पूरे संताल क्षेत्र में तेजी से लोकप्रिय होता अखबार
संताल एक्सप्रेस
SPECIAL BIRTHDAY OFFER
दुमका से प्रकाशित पहला हिंदी, संताली दैनिक अखबार का अनोखा पेशकश बच्चों का हैप्पी बर्थडे सतस्वीर मुफ्त में छपवाएं
संताल एक्सप्रेस आपके दस वर्ष तक के बच्चे-बच्चियों के बर्थ डे के संदेश को सतस्वीर मुफ्त में प्रकाशित करेगा। आप अपने बच्चे के बर्थ डे की तीन दिन पहले जन्मतिथि, बच्चे का नाम, तस्वीर, माता-पिता का नाम सहित हमारे मेल
santalexpress20@gmail.com पर भेज दें
नोटः मैरेज डे, मैरेज एनवरसरी (शादी वर्षगांठ), पुण्यतिथि, मृत्यु, पीएचडी डिग्री धारक, बधाई संदेश का सचित्र विज्ञापन रंगीन मात्र पांच सौ में छपवाएं।
आप अपने क्षेत्र, मुहल्ले, स्कूल-कॉलेज कार्यक्रम, सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार आदि की खबरें उपरोक्त मेल पर फोटो सहित प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं।
दुमका, देवघर साहेबगंज, गोड्डा, जामताड़ा सहित संताल के सभी प्रखंडों से संवाददाता/एजेंट/विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
संपर्क : 9771486686

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686